दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी


ज्ञान विज्ञान मनोरंजन का खजाना .........


परीक्षा का तनाव.....

वर्ष : 12 | अंक : 53 | लखनऊ, 14 फरवरी, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### यूट्यूबर कटारिया 20 माह बाद जेल से रिहा



**पंचकूला।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर बलवंत सिंह यानी बॉबी कटारिया को मानव तस्करी केस में रेगुलर बेल दे दी है। 20 जुलाई 2024 को हरियाणा पंचकूला में स्पेशल जज ने बॉबी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। यूट्यूबर ने अपील की, इसकी अपील को 12 फरवरी को हाईकोर्ट ने मंजूरी दी।

### टीवीके की राजनीतिक बैठक में युवक की मौत



**चेन्नई।** तमिलनाडु के सलेम शहर में आयोजित टीवीके की एक राजनीतिक बैठक के दौरान युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। प्राथमिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। इस घटना ने बैठक में मौजूद लोगों को स्तब्ध कर दिया। सलेम पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में आगे की जांच की जा रही है।

### अंसारी के गुर्गे की गोली मारकर हत्या



**बाराबंकी।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत असैनी मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर अज्ञात बदमाशों ने सिविल लाइन निवासी अधिवक्ता सुयेब उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। अधिवक्ता सुयेब उर्फ बॉबी लखनऊ से बाराबंकी की ओर कार से आ रहे थे। असैनी मोड़ ब्रिज के ऊपर फायरिंग कर दी।

### एक्टर रणवीर को फिर मिली धमकी



**नई दिल्ली।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हरि बॉक्सर नाम के एक आदमी ने एक नया ऑडियो मैसेज जारी किया है जिसमें एक्टर रणवीर सिंह और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी को धमकी दी गई है। उसने चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने उसकी मांगें नहीं मानीं तो उनके 'पूरे स्टाफ' को मार दिया जाएगा।रिकॉर्डिंग में बोलने वाले ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग होने का दावा किया।

### अलंकार अग्निहोत्री नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे



**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट पर से इस्तीफा देने के बाद अलंकार अग्निहोत्री लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। बीते महीने अलंकार अग्निहोत्री यूजीसी एक्ट समेत कई मुद्दों पर विरोध दर्ज कराते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया और उन्हें सस्पेंड कर के उनके खिलाफ जांच बैठ दी गई।

## पीठासीन अधिकारी की अपील के बाद भी विपक्ष ने जारी रखा हंगामा

# विपक्ष के शोर-शराबे, नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद 'दोनों सदन' 9 मार्च तक स्थगित




संसद की कार्यवाही की शुरुआत से ही विपक्षी दलों के शोर-शराबे के चलते सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका

### दो बार के स्थगन के बाद भी नहीं माने विपक्षी सांसद

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

लोकसभा में शुक्रवार को लगातार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही की शुरुआत से ही विपक्षी दलों के शोर-शराबे के चलते सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका। इससे पहले कई मंत्रियों ने अपने-अपने मंत्रालयों से संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने विपक्षी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन शोर-शराबा जारी रहने पर पहले कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।दोपहर बाद कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, जिसमें कई मंत्रियों ने अपने मंत्रालयों से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद सदन को 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

#### एपस्टीन मुद्दे पर विपक्ष का विरोध

सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कथित तौर पर जेफरी एपस्टीन से संबंधों के आरोप को लेकर इस्तीफे की मांग की।लोकसभा की कार्यवाही से पहले भी विपक्षी दलों ने एपस्टीन फाइलों के मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, पुरी ने कांग्रेस के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया।


लोकसभा में हंगामा करते विपक्षी सांसद

#### कोडीन सिरप से मौतों का मुद्दा उठा

कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमन सिंह ने कोडीन सिरप के सेवन से हुई 'कई मौतों' का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में पीड़ितों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देने और दोषियों के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की।प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि किसी की मौत 'कोडीन' से नहीं हुई है।

### राज्यसभा में भाषण के हिस्से को हटाने पर भड़के खरगे

### यह लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ कदम

राज्यसभा में शुक्रवार को बोलते हुए विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने पिछले संबोधन के बड़े



हिस्से को सदन के रिकॉर्ड से हटाने पर नाराजगी जताई। खरगे ने कहा कि 4 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी औचित्य के आधिकारिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया था। खरगे ने इस कदम को 'लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ' बताया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हटाए गए भाषण में सरकार की नीतियों की आलोचनाएं शामिल थीं, जिसे उन्होंने एक विपक्षी सदस्य के रूप में उजागर करना अपना कर्तव्य बताया। इसी के उन्होंने हटाए गए भाषण के हिस्सों को बहाल करने का भी आग्रह किया।

#### बिना किसी उचित स्पष्टीकरण के हटाया हिस्सा

खरगे ने कहा कि 4 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान मैं आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं। जब मैंने रवेबसाइट पर वीडियो देखा, तो मैंने पाया कि मेरे भाषण का एक अहम हिस्सा बिना किसी उचित स्पष्टीकरण या औचित्य के हटा दिया गया।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बोले चौहान | डेयरी और पोल्ट्री के दरवाजे नहीं खोले गए

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमेरिकी व्यापार समझौते में किसानों के हितों को लेकर अहम बात की। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि पीएम मोदी हमेशा से किसान हितैशी रहे हैं। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री का हर निर्णय किसानों के हित में लिया गया है। उनकी योजनाओं ने किसानों की जिंदगी बदल दी है। जो समझौता हुआ है, उसमें भी किसान हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। खाद्य पदार्थों का उत्पादन करने वाले किसानों की जरूरतें पूरी करेगा।



#### मसाला उत्पादक किसानों को नया विशाल बाजार मिलेगा

चौहान ने स्पष्ट किया कि सरकार ने कुछ संवेदनशील क्षेत्र के लिए सख्त सीमाएं बनाए रखी हैं। उन्होंने कहा कि पोल्ट्री के लिए, डेयरी उत्पाद के लिए देश के दरवाजे नहीं खोले गए हैं। सच तो ये है हमारे मसाला उत्पाद किसानों को नया विशाल बाजार मिलेगा।

## उत्तर भारत की महिलाओं पर टिप्पणी

# डीएमके सांसद मारन 23 फरवरी को अदालत में खुद हाजिर हों

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

उत्तर भारत की महिलाओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सांसद दयानिधि मारन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए 23 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। एक बयान में मारन ने कथित तौर पर उत्तर भारत की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं केवल घर का काम और बच्चों को जन्म देने तक सीमित हैं,


सांसद दयानिधि मारन

जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित, कामकाजी और सर्वगुण संपन्न हैं। इसके बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में नाराजगी देखी गई।मामले में परिवादी एवं सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने अदालत में परिवाद दायर किया।

## भाजपा के 'औरंगजेब' पर उद्धव का तंज

# भाजपा हिंदुत्व का पाठ न पढ़ाए एआईएमआईएम से गठबंधन...

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय जाधव ने परभणी महापौर चुनाव को लेकर भाजपा के 'औरंगजेब' वाले कटाक्ष पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदुत्व का पाठ नहीं पढ़ाना चाहिए, क्योंकि उसने 2नगर परिषदों में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ हाथ मिलाया था। भाजपा ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की परभणी नगर निगम में महापौर पद के लिए पार्टी पार्षद सैयद इकबाल को नामित करने के लिए आलोचना की और उनपर पर मराठी 'मानुष' की अनदेखी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के समर्थन से इकबाल मध्य महाराष्ट्र के परभणी शहर के नए महापौर चुने गए। भाजपा के प्रवक्ता नवनाथ बान ने कहा कि उद्धव ठाकरे परभणी में औरंगजेब के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।


उद्धव ठाकरे

## वन नेशन वन इलेक्शन पर जेपीसी से बोले पूर्व सीजेआई

यह 'संसद की क्षमता के तहत है'

# इससे न संविधान का उल्लंघन होगा और न ही संघवाद को दिक्कत होगी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारत के पूर्व चीफ जस्टिस बीआरगवई ने वन नेशन वन इलेक्शन वाले बिल का समर्थन किया है। पूर्व सीजेआई ने इस विधेयक की पड़ताल कर रही संयुक्त संसदीय समिति से गुरुवार को कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन बिल न तो संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है और न ही इससे संघवाद या लोकतांत्रिक शासन वाले ढांचे पर ही कोई प्रभाव पड़ेगा। एक देश एक चुनाव विधेयक भारत में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक ही साथ करवाने के लिए लाया गया है।

#### *सिर्फ एक चुनावी साइकिल को दुरुस्त करना होगा*



भाजपा सांसद पीपीचौधरी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी ) के सामने जस्टिस गवई ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव करवाने के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनावों के सिर्फ एक चुनावी साइकिल को दुरुस्त करना पड़ेगा।

#### कुछ भी नहीं बदलेगा

उन्होंने विधेयक की संवैधानिक वैध्यता का समर्थन करकहा कि इसके लागू होने से इनमें से कोई भी न बदलेगा। जेपीसी चेयरमैन ने कहा कि प्रस्ताव 'संसद की क्षमता के तहत है'।



### 31 मई से पहले हिमाचल में कराएं निकाय चुनाव

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनाव पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 31 मई से पहले हर हाल में चुनाव करवाने होंगे। पुनर्सीमांकन के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव को नहीं टाला जा सकता। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाल्या बागची ने यह फैसला दिया।

## 'चूज़ लव; चूज़ वीगन' का संदेश



**कोलकाता।** वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर विक्टोरिया मेमोरियल के सामने 'चूज लव ; चूज वीगन' नामक जागरूकता अभियान के दौरान 'मर्सी फॉर एनिमल्स इंडिया' की एक स्वयंसेवक ने मुर्गे की वेशभूषा में गुलाब के फूल बांटे।

## सरकार ने संसद में दी अहम जानकारी, कर्मचारियों को होगा लाभ

# ईपीएफओ 3.0 में अब 3 दिन में होगा क्लेम सेटलमेंट

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने नए डिजिटल प्लेटफॉर्म ईपीएफओ 3.0 के जरिए मेंबर्स को बड़ी राहत देने की तैयारी में है। सरकार ने संसद में बताया है कि नए सिस्टम के लागू होने के बाद पीएफ से जुड़े क्लेम का निपटारा 20 दिन की जगह सिर्फ 3 दिन में हो सकेगा। यह प्रक्रिया ऑटो मोड में होगी। ईपीएफओ 3.0 को संगठन का बड़ा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इसका मकसद मेंबर्स और संस्थानों दोनों के लिए सर्विसेज को आसान और तेज बनाना है।




### मंत्री ने बताया नई सुविधाएं इसी साल लॉन्च



#### सही क्लेम अपने आप निपट जाएंगे

राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलजे ने बताया कि जो क्लेम रिस्क मैनेजमेंट से जुड़े जरूरी चेक और वैलिडेशन को पूरा कर लेंगे, उन्हें ऑटो मोड में प्रोसेस किया जाएगा। सिस्टम में ऐसीजांच होंगी, जिनसे सही पाए गए क्लेम अपने आप निपटा दिए जाएंगे।

#### एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

इसका एक बड़ा फायदा यह भी होगा कि मेंबर्स को अलग-अलग सर्विसेज के लिए अलग-अलग सिस्टम पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पीएफ अकाउंट से जुड़ी जानकारी, क्लेम प्रोसेसिंग समेत तमाम सर्विसेज एक यूनिफाइड प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी।

#### इसके साथ ही शिकायतों पर भी रहेगी नजर

सरकार ने संसद में यह भी बताया कि नए फीचर्स कितने असरदार तरीके से लागू किए जा रहे हैं, इस पर नजर रखने के लिए पूरे सिस्टम की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। इसके तहत जोनल और फील्ड ऑफिस स्तर पर शिकायतों के निपटारे की क्वॉलिटी और संख्या दोनों की जांच की जाती है। साथ ही समस्याओं की जड़ तक जाकर सिस्टम में जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं, ताकि आगे चलकर क्लेम प्रोसेसिंग और तेज हो सके।

## कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय आज करेगा राष्ट्रीय सम्मेलन

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 14 फरवरी को विज्ञान भवन में 'कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एसएचई-बॉक्स)' का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्यों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, आंतरिक स्थानीय समिति के अध्यक्षों और सदस्यों, नोडल अधिकारियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, उद्योगपतियों, नागरिक समाज प्रतिनिधियों, मीडिया आदि की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।



यह सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सुरक्षित, गरिमापूर्ण और उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थलों के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के कार्यान्वयन को मजबूत करने का एक प्रयास है।

# चिकन की दुकान पर युवक से मारपीट धक्का मुक्की में सोने की चैन कड़ा गायब, मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई। वृंदावन योजना सेक्टर 5 क्षेत्र में गुरुवार दोपहर चिकन खरीदने गए एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि दुकानदार ने अभद्रता की, गाली-गलौज की और अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। धक्का-मुक्की में युवक जमीन पर गिर पड़ा, जिससे उसे चोटें आईं और उसकी सोने की चेन व कड़ा भी कहीं गिरकर गायब हो गया।

पीड़ित मनीष कुमार पुत्र मदन मोहन, निवासी गांधीनगर तेलीबाग के अनुसार, 12 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह सेक्टर-5 स्थित एक चिकन की दुकान पर खरीदारी करने गया था। इसी दौरान दुकानदार अफजल ने कथित रूप से बिना वजह अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज की और आसपास मौजूद अपने साथियों को बुला लिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर मनीष के साथ मारपीट की।

मनीष का कहना है कि पीछे से धक्का देकर उसे जमीन पर गिराया गया और जान से मारने की नीयत से पीटा गया। अफरा-तफरी में उसकी सोने की चेन और कड़ा गिर गया, जो बाद में नहीं मिला। घटना के बाद किसी तरह वह वहां से निकल सका।

पीड़ित ने मामले की तहरीर थाने में देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हिट एंड रन मामले में पुलिस ने आरोपी चालक को किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार देरशाम हुए हिट एंड रन मामले में पुलिस ने मृतक मासूम बच्चे की मां की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की कार बरामद कर उसे कब्जे में ले लिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बताते चलें कि बंथरा के सहिजनपुर निवासी प्रमोद कुमार गुरुवार देव शाम करीब 7 बजे बंथरा में कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे अपनी बाइक लेकर खड़े थे। तभी लखनऊ की ओर से कानपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें ठोकर मार दी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि बेकाबू कार आगे खड़े बंथरा निवासी पापे उर्फ पउवा के बेटे अरमान (12) व वहीं पर खड़ी बंथरा में किराए पर रहने वाले उन्नाव के अटवा खुद निवासी संजय पटेल की पत्नी साधना पटेल (35), उनकी मां मीना देवी (60) और बेटे दीक्षांत (6) को ठोकर मारने के साथ आगे अपना ई रिक्शा लेकर खड़े उन्नाव के सोहरा मऊ थाना अंतर्गत पथरहा निवासी चालक अवध बिहारी को भी ठोकर मार दी। यही नहीं अनियंत्रित कार ने आगे खाली-खड़ी एक ऑटो में जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद कार चालक ने अपनी गाड़ी रोकी, तब कार से एक युवती नीचे उतरकर खड़ी हो गयी। लेकिन कार चालक पीछे लोगों को लहूलुहान पड़े देख युवती को छोड़ अपनी गाड़ी सहित वहां से भाग निकला। बाद में वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देकर युवती को पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही सभी घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दीक्षांत की हालत अधिक गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। लेकिन सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचते ही चिकित्सकों ने दीक्षांत को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से कार नम्बर देख कर देर रात बनी के पास से कार बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया। वहीं युवती से पूछताछ करने और कार नंबर के आधार पर पता चला कि कार चालक उन्नाव जिले के सोहरा मऊ थाना अंतर्गत बल्लू खेड़ा निवासी गौरव सिंह (21) है। जो सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित एक कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। पुलिस पूछताछ में युवती से पता चला कि वह आरोपी गौरव के साथ एक ही स्कूल में पढ़ती है। आरोपी उसे लेकर कार से मोहान रोड स्थित एक फेयरवेल पार्टी में गया था। जहां से वह लौट रहे थे। तभी यह घटना हो गई। उधर घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है। जिसमें कार की स्पीड 100 से ऊपर रफ्तार में लोगों को टक्कर मारते नजर आ रही है। फिलहाल पुलिस ने मृतक मासूम दीक्षांत की मां साधना की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं इस मामले को लेकर लखनऊ के आरटीओ संजय तिवारी ने आरोपी कार चालक गौरव सिंह का ड्राइविंग लाइसेंस 6 माह के लिए निलंबित कर दिया है।

# गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के दो पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरोजनी नगर के गौरी निवासी अभिषेक सिंह चौहान की पत्नी वर्षा सिंह के मुताबिक 11 फरवरी की रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच उनके पति अभिषेक सिंह को गौरव सिंह उर्फ आदित्य, दिग्विजय सिंह, रणविजय सिंह और यशविजय ने मंदिर पर बुलाकर मारपीट की। जिससे उनके पति अभिषेक को गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने वर्षा और उनके देवर अखंड प्रताप सिंह के साथ भी घर पर मारपीट और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि विवाह के बाद से ही उनके पति और परिवार के साथ अभद्रता की घटनाएं होती रही हैं। वहीं दूसरे पक्ष के आदित्य सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि 11 फरवरी की रात करीब 8:30 बजे स्कूटर इंडिया चौराहे के पास अभिषेक सिंह उर्फ डिंपल ने नशे की हालत में धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की। पीड़ित का कहना है कि वह मामले को नजर अंदाज कर आगे बढ़ा तो आरोपी के पिता राजकुमार सिंह उर्फ रजोले और भाई अखंड प्रताप उर्फ डब्बू को बुलाकर चैन व ईटों से जानलेवा हमला कर दिया, जब परिवार के लोग बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके ऊपर भी हमला कर दिया। साथ ही गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।जिससे पीड़ित आदित्य के गंभीर चोटें आईं। फिलहाल पुलिस ने दोनों ओर से मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, युवक पर बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप



**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र से बुधवार रात एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।इस मामले में किशोरी के पिता ने गांव के ही एक युवक पर बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के एक गांव में रहने वाले मजदूर के मुताबिक बुधवार रात करीब 10 बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी अचानक लापता हो गई।खोजबीन करने के दौरान पता चला कि उसके ही गांव का रहने वाला देवा कश्यप पीड़ित की बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। परिजनों का कहना है कि इससे पहले भी आरोपी किशोरी के साथ छेड़खानी व अपहरण का प्रयास कर चुका है, तब इसकी शिकायत थाने में की गई थी।साथ ही 28 दिसंबर 2025 को जनसुनवाई पोर्टल पर भी मामले की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर पुलिस ने आरोपी को भविष्य में दोबारा ऐसी हरकत ना करने की चेतावनी दी थी। परिजनों ने आशंका जताई है कि आरोपी किशोरी को अगवा कर किसी अज्ञात स्थान पर ले गया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# काकोरी शहीद स्मारक से 'मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान' कांग्रेस की यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी, आंदोलन की चेतावनी

**17 फरवरी को विधानसभा का होगा घेराव,**

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊ।काकोरी शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन कर 'मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान' के तहत कांग्रेस ने पदयात्रा का आगाज किया।यात्रा में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री राज बहादुर गौतम सम्लित हुए।अजय राय ने कहा भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों ने गरीबों के हक 'मनरेगा' को कमजोर कर दिया है।जब तक मजदूरों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता, कांग्रेस का यह संघर्ष जारी रहेगा। शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकताओं ने मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाली।यह पदयात्रा शहीद स्मारक काकोरी से शुरू होकर बहरू रोड पर दसदोई गांव तक निकाली गई।इस दौरान कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मनरेगा कानून को फिर से लागू करने की मांग की।पदयात्रा का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बब्लू व पूर्व विधायक इन्दल कुमार रावत ने किया। कांग्रेस नेता अजय राय ने बताया कि मनरेगा कानून सोनिया गांधी के नेतृत्व में और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा लागू किया गया था।इस योजना के तहत मजदूरों को 100 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलती थी। अजय राय ने आरोप लगाया कि मौजूदा केंद्र सरकार मनरेगा योजना को कमजोर कर रही है।उन्होंने कहा कि सरकार ने योजना के नाम से महात्मा गांधी का नाम बदल दिया है और अब रोजगार गारंटी भी प्रभावित हो रही है।उनका दावा है कि नरेंद्र मोदी सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को समाप्त करने की दिशा में काम कर रही है।उन्होंने बताया कि इस पदयात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे हैं।उन्होंने घोषणा की कि 17 तारीख को मनरेगा के मुद्दे पर विधानसभा घेराव कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।पद यात्रा का जगह-जगह पर पार्टी कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# डाले ने बाइक सवार दो भाइयों को मारी टक्कर, एक की हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**



हादसे में घायल युवक फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बाद लखनऊ-हरदोई हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मुजासा स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के पास रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार डाले ने बाइक सवार दो भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवकों की पहचान हरदोई जनपद के गौसगंज निवासी अखिलेश और गणेश के रूप में हुई है।दोनों भाई बाइक से लखनऊ में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति में आ रहे डाले ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार गणेश का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया है, जबकि अखिलेश के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों की निगरानी में दोनों का इलाज जारी है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और वाहन की तलाश में जुटी है।

# दर्जन भर से अधिक युवकों ने आयरन स्टोर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट करने का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को करीब दर्जन भर से अधिक युवकों द्वारा एक आयरन स्टोर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में बंथरा के जुनाबगंज तिराहा निवासी रमाशंकर गुप्ता ने वीरेंद्र सिंह नामक युवक सहित 10 से 15 अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रमाशंकर के मुताबिक बंथरा कस्बे में पोस्ट ऑफिस के पास उनकी ह्लविशाल आयरन स्टोरह्व नाम से दुकान है। पीड़ित रमाशंकर का कहना है कि रोज की तरह शुक्रवार को भी सुबह करीब 10 बजे दुकान खोलकर वह अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी दोपहर करीब 2:30 बजे बिरेन्द्र सिंह अपने 10-15 साथियों के साथ तीन-चार गाड़ियों में सवार होकर दुकान पर पहुंचे और जबरन अंदर घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए रमाशंकर गुप्ता की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।जिससे इस घटना में पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रेम जाल में फंसाकर सामूहिक दुष्कर्म, छह माह के गर्भस्थ शिशु की मौत

**मुख्यमंत्री को पत्र भेजने के बाद नौ माह में दर्ज हुआ मुकदमा, एससी/एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराएं लगीं**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र की एक युवती ने ग्राम जमोलिया निवासी सुनील और अंटाखेड़ा निवासी मुश्ताक प्रधान पर प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट, धमकी और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस आरोपियों की पैरवी कर रही थी, जिससे उसे न्याय के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजना पड़ा। इसके बाद करीब नौ माह बाद मुकदमा दर्ज हुआ। पीड़िता के अनुसार मई 2025 में वह मलिहाबाद स्थित आम्रपाली वाटर पार्क में मजदूरी करती थी। वहीं काम करने वाले सुनील ने उससे जबरन संबंध बनाने का दबाव बनाया। आरोप है कि एक दिन वह बहाने से उसे बाइक से जालामऊ के पास बबूल के जंगल में ले गया और दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा और साथ भागने का दबाव बनाता रहा। पीड़िता का कहना है कि 10 मई 2025 को सुनील के कहने पर वह घर से जेवर और 40 हजार रुपये लेकर निकली। सुनील उसे अंटाखेड़ा निवासी मुश्ताक प्रधान के घर ले गया, जहां जेवर और नगदी उसे देने को कहा गया। आरोप है कि वहां दोनों ने मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। गर्भवती होने की जानकारी देने पर दोनों आरोपियों ने गर्भपात कराने का दबाव बनाया। मना करने पर मारपीट की गई। युवती का आरोप है कि 9 जनवरी को जब वह अपने जेवर और रुपये वापस मांगने गई तो मुश्ताक ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। शिकायत करने पर सुनील ने भी उसे पीटा, जिससे उसके गर्भ में पल रहे लगभग पांच माह के शिशु को चोट पहुंची। पीड़िता की मां के अनुसार आरोपियों ने कई बार बेरहमी से पिटाई की। एक सप्ताह पहले हालत बिगड़ने पर युवती को विभिन्न अस्पतालों में दिखाया गया। बाद में उसे लखनऊ के क्वीन मेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 11 फरवरी को गर्भ में पल रहे छह माह के शिशु की मौत हो गई। वर्तमान में युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है। मलिहाबाद एसीपी सुजीत दुबे ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कैफे में घुसकर मोबाइल और नकदी चोरी, सीसीटीवी से आरोपी गिरफ्तार

**गेट फांदकर घुसा चोर फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो दिन में दबोचा, माल बरामद**

**अमन लेखनी समाचार**



पीजीआई इलाके में एक कैफे में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। चोरी की पूरी वारदात कैफे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। पीड़ित शैलेंद्र कुमार, निवासी जगत खेड़ा, ने तहरीर में बताया कि वह वृंदावन योजना सेक्टर-9 आवास विकास के पास मेन रोड पर ह्यद कुल्हड़ कैफेह्न नाम से दुकान चलाते हैं। बुधवार रात दुकान बंद थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति गेट फांदकर अंदर घुस गया और गल्ले में रखे 5 हजार रुपये व काउंटर पर रखा ओप्पो ए-38 मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। सुबह दुकान खोलने पर सामान बिखरा मिला और मोबाइल व नकदी गायब थी। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर एक व्यक्ति को दुकान में घुसकर चोरी करते साफ देखा गया। सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर फुटेज के आधार पर तलाश शुरू की। शुक्रवार को पुलिस ने वृंदावन योजना सेक्टर 10 क्षेत्र से आरोपी रोहित यादव, निवासी तकरोही, थाना इंदिरानगर, लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन और 5 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह भाड़े पर गाड़ी चलाता है और पिछले कई दिनों से पीजीआई-वृंदावन क्षेत्र में ही काम कर रहा था। पैसों के लालच में उसने बुधवार रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# तेलीबाग में ड्यूटी पर तैनात सफाई कर्मी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पैर में फ्रैक्चर

**सुबह झाड़ू लगाते समय हादसा; ट्रॉमा सेंटर में भर्ती, सीसीटीवी से वाहन की तलाश**

**अमन लेखनी समाचार**



पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग में गुरुवार सुबह ड्यूटी पर तैनात एक सफाई कर्मी को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सफाई कर्मी के पैर में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत एम्बुलेंस के जरिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान संजय के रूप में हुई है, जो सुबह करीब 7:30 बजे तैलीबाग मस्जिद के सामने सड़क किनारे झाड़ू लगा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि संजय सड़क पर गिरकर दर्द से कराहने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज खंगाली जा रही है और वाहन की पहचान होते ही चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कल्ली पश्चिम में गूंजा युवाओं का जोश, अविचल शुक्ल का जोरदार स्वागत



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रायबरेली रोड पर स्थित कल्ली पश्चिम में भाजपा नेता अविचल शुक्ला का युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। युवाओं ने कहा कि उनका नेतृत्व दमदार है और वे युवाओं को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर उत्सव शुक्ला, यश शुक्ला, धीरज अवस्थी, दीपक, आकाश सैनी सहित कई युवा साथी मौजूद रहे।

# प्रेम: जीवन का मूल आधार

## एक-दूसरे के प्रति समर्पण है प्रेम

**अमन लेखनी समाचार**



साभार: सुनील कुमार

बहराइच। दो अक्षरों के मेल से बना छोटा सा शब्द प्रेम अपने गूढ़ अर्थ की दृष्टि से बहुत ही व्यापक है। प्रेम, जिसे सभी संबंधों का आधार माना गया है, एक प्रमुख मानवीय गुण है। प्रेम के बिना संबंध निष्प्राण होते हैं या यूं कहें कि प्रेम के बिना कोई भी संबंध ज्यादा दिनों तक नहीं टिकता।प्रेम के अभाव में मानवीय संबंध दम तोड़ने लगते हैं। देखने में छोटा सा शब्द प्रेम अपने आप में बहुत ही व्यापक है, इसके कई रूप हैं।आमतौर पर लोग इसे प्रेमी-प्रेमिका के स्नेहिल संबंधों तक ही सीमित रखते हैं जबकि इसका दायरा बहुत ही विस्तृत है। जैसे पति-पत्नी का आपसी प्रेम, माता-पिता का अपने बच्चों से प्रेम, भाई-बहन का एक-दूसरे से प्रेम, बच्चों का अपने माता-पिता, दादा- दादी, नाना- नानी, चाचा- चाची, मामा-मामी, बुआ-फूफा तथा संगी-साथियों से प्रेम, मानव का पेड़-पौधों व जीव-जंतुओं से प्रेम, अपने परिवार समाज और राष्ट्र से प्रेम। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से अलग उसका कोई अस्तित्व नहीं है। हमारा समाज पारस्परिक संबंधों पर ही आधारित है, और सभी संबंधों का आधार प्रेम ही है। सुखमय जीवन यापन के लिए माननीय संबंधों का होना जरूरी है, और संबंधों को जीवंत बनाए रखने के लिए परस्पर प्रेम का होना बहुत जरूरी है। अतः हम कह सकते हैं कि प्रेम के बिना जीवन अधूरा है।

## संक्षेप

### एसएमसी सदस्यों का एक दिवसीय क्षमतासंवर्धन प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा ब्लाक सभागार में जनपहल के अंतर्गत विकास खण्ड के समस्त विद्यालयों से एस ?एमसी अध्यक्ष और सचिवो का एक दिवसीय प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी आँचल सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।एक दिवसीय प्रशिक्षण में खण्ड शिक्षा अधिकारी आँचल सिंह ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार, उपस्थिति एवं ठहराव, शारदा कार्यक्रम, वित्तीय दायित्व, विद्यालय विकास एवं रखरखाव, पोषण युक्त मिड-डे-मील आदि के सुंदर, सुव्यवस्थित, सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन में विद्यालय प्रबंध समिति की विशेष भूमिका रहती है। इस हेतु यह प्रशिक्षण उनकी सशक्त भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध करता है।बाल संसद, मीना मंच, शिक्षा के अधिकार के अन्तर्गत निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा, सहभागिता एवं समानता का अधिकार, मानक के अनुसार पोषणयुक्त मिड-डे-मील, विद्यालय प्रबंध समिति की संरचना, गठन, कार्यकाल एवं दायित्व, विद्यालय विकास योजना एवं प्रबंधन, वित्तीय दायित्व, शारदा कार्यक्रम, ऑपरेशन कायाकल्प, बाल श्रम रोकथाम, बच्चों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, अभिभावक एवं सामुदायिक भागीदारी आदि बिंदुओं पर विस्तृत उपयोगी जानकारी दी गई।उक्त प्रशिक्षण प्रवीण कुमार, संतोष श्रीवास्तव, हरिकिशोर मिश्र एवं मनोज पटेल द्वारा दिया गया।

### अश्लील गाना बजाने वालों पर की जाएगी कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर अश्लीलता परोसने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है।कोतवाली पुलिस ने सभी वाद्ययंत्र संचालकों को सूचना दी गई है कि त्यौहार पर आध्यात्मिक गीतों के बजाय अश्लील गाने बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि आगामी शिवरात्रि पर्व शांति व्यवस्था हेतु कोतवाली और पुलिस चौकी परिसर में शांति कमेटी की बैठकें की जा चुकी हैं।इन बैठकों में नागरिकों से शांति व्यवस्था की अपील की जा चुकी है। आज शुक्रवार को पुलिस ने नगर एवं क्षेत्र के सभी डी जे और बैंड संचालकों को सूचित किया है कि शिवरात्रि के अवसर पर सिर्फ भक्ति गीत व भजन ही बजाए जाएं।इसके अलावा यदि फिल्मी गीत अथवा अश्लील गाने बजाए गए तो ऐसे संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कोतवाल श्री पांडेय ने नागरिकों से न्यायालय के आदेश और सरकार के निदेर्शों का पालन करने की अपील की है।

# किशोर की गला दबाकर हत्या के तीन आरोपियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र में आरोपियो ने डेढ़ वर्ष पूर्व बालक की हत्या का बदला लेने के लिये उतारा मौत के घाट उतार दिया पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुईथाना क्षेत्र के राधानहरी निवासी सूरज लोधी 17 वर्ष पुत्र रामकुमार का शव गुरुवार को घर से लगभग चार सौ मीटर दूर खेत के पास खंती मे पड़ा मिला था। पिता रामकुमार ने सूरज के पारिवारिक चाचा कल्लू और उसके दो बेटों अरविंद और दीपक व कल्लू के दामाद सोहरामऊ थानाक्षेत्र के आशाखेड़ा निवासी मोनू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मौके पर पहुंचे सीओ तेज बहादुर सिंह ने थानाप्रभारी फूल सिंह को घटना के जल्द खुलासे की बात कहीं थी। गुरुवार को



पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे गला दबाकर हत्या किये जाने की पुष्टि के बाद नामजद आरोपियो कल्लू ,अरविन्द और मोनू से पुलिस ने कड़ाई से पूछ ताछ की तो आरोपियो ने बताया की सूरज ने 6 जुलाई 2024 को कल्लू के दामाद मोनू के बेटे आशीष 9 वर्ष की पानी मे डुबोकर हत्या कर दी थी।बुधवार को सूरज गांव आया और गांव मे धमकी देने लगा की क्या कर लिया मेरा इसी से खुन्नस कहकर हम लोगो ने सूरज की हत्या का प्लान बनकर सूरज का पीछा करके दरसवा बाजार गए लौटते वक्त रात मे गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या मे प्रयुक्त बाईक को भी बरामद कर लिया हैं।हत्या आरोपियो को पुलिस ने न्यायालय मे पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया हैं।जबकि दीपक अभी भी फरार हैं। सूरज का शुक्रवार को जाजमऊ मे अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीओ तेज बहादुर सिंह ने बताया की फोरेंसिक साक्ष्यों और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपियो को पकड़कर पूछा गया तो आरोपियो ने हत्या की बात कुबूल कर ली। बदला लेने की भावना से घटना को अंजाम दिया गया हैं।

# किसान एकता और जनसेवा का संदेश,में 151 कंबलों का वितरण

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन बैसवारा के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जीत बहादुर रावत के नेतृत्व में शुक्रवार को पुरवा क्षेत्र के लंगरपुर चौराहा पर जरूरतमंदों को 151 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता शशांक शेखर उर्फ सनी सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत बहादुर रावत द्वारा किया गया। वहीं भारतीय किसान यूनियन बैसवारा के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला का भी स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर उर्फ सनी सिंह ने यूजीसी संशोधन को लेकर अपनी बात रखी तथा भगवंत नगर क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि त्रिपुरारपुर से जुड़े दो महत्वपूर्ण मार्गों में से एक मार्ग टोपरा से मौरावा होते हुए उन्नाव-लखनऊ को जोड़ता है, जबकि दूसरा मार्ग पुरवा-पाटन रोड से जुड़ता है। लगभग ढाई किलोमीटर लंबी यह सड़क लोक निर्माण विभाग (डब्ल्यूडी) के अंतर्गत है, जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। वहीं भारतीय किसान यूनियन बैसवारा के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन द्वारा जिले स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत बहादुर रावत ने दो दर्जन से अधिक किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई। नव नियुक्त सदस्यों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला द्वारा माला पहनाकर किया गया कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोग अमित भारद्वाज प्रदेश प्रवक्ता प्रभा शंकर मिश्रा मंडल महासचिव अनुराग सोनी जिला अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीटा दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर क्षेत्र के ऊंचगांव के पास पुरानी रंजिश के कारण युवक के साथ दो युवकों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल युवक ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया।




मनी खेड़ा के रहने वाले विश्वजीत सिंह लोध ऊंच गांव चौराहे गुरुवार सामान लेने आया था वहा से देर शाम वापस घर जा रहा अभी वह कुछ दूर पहुंचा ही था ।गांव के दिनेश व उसका भाई अखिलेश ने उसे रोक कर उसके साथ मारपीट किया जिससे विश्वजीत के चोटे आ गई ।पुलिस ने उक्त दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीघापुर भेज दिया।

थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि विवेचना कर कार्यवाही की जायेगी ।

## बाइक सवार पति पत्नी व बच्चों को ट्रक ने मारी टक्कर पत्नी की मौत

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी व बच्चों को टक्कर मार दी। जिसमें पत्नी की मौत हो गई। पति भी घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी अपने पति व बच्चों के साथ मायके में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो होकर लौट रहे थे। लखनऊ कानपुर हाइवे के ओवर ब्रिज शुक्रवार दोपहर लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें पति - पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल ले गई जहा डाक्टर ने (30) वर्षीय अन्नपूर्णा को म्रत घोषित कर दिया। जबकि उनके पति अरविंद बहादुर गौतम निवासी हड़हा थाना अचलगंज का उपचार चल रहा है। वहीं उनके बच्चे हर्ष और हर्षित को कोई चोट नहीं आई। अन्नपूर्णा अपने पति बच्चों के साथ अजगैन के सधीरा गांव अपने मायके सहेली प्रिया की सादी में सामिल होने गुरुवार को आई थी। शुक्रवार लौटते समय लखनऊ बाईपास ओवर ब्रिज पर ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी जिसमें वह बाइक से उछल कर ट्रक के नीचे आ गई जिसमें अन्नपूर्णा की मौत हो गई। चारों एक ही बाइक पर सवार थे। घटना से आहत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रक को पकड़ लिया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## गाय के रोम रोम में होता हैं समस्त देवताओं का वास

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। मियागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत दरिहट में 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा और रात्रि बेला में श्रीकृष्णलीला का मंचन कथा के चतुर्थ दिवस परम श्रद्धेय राष्ट्रीय कथा वाचक सर्व श्री रवि शंकर जी महाराज के श्री मुख से भक्तों ने कथा का रसपान किया महाराज जी ने बताया कि इस कलयुग में हर हिंदू को गाय की सेवा करनी चाहिए महाराज जी ने बताया वैसे तो गाय के रोम-रोम में समस्तदेवताओं का वास है और जहां गाय का निवास वहां गोविंद का निवास महाराज जी ने बताया की जीवन में बदलाव लाने के लिए स्वयं को बदलना पड़ता है हमारी सबसे अच्छी शिक्षक हमारी गलतियां होती हैं क्योंकि वही हमें नया सीखाती हैं आज भगवान श्री राम के चरित्र के साथ बड़े ही धूमधाम से कृष्ण जन्म नंद उत्सव मनाया गया नंद उत्सव में आज दरिहट गांव गोकुल बन गया सभी एक दूसरे को बधाई देते रहे नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भक्ति में सराबोर होकर भक्त झूमते रहे चतुर्थ दिवस में मुख्य अतिथि आनंदेश्वर धाम कानपुर के पूज्य श्री अरुण पुरी जी महाराज का आगमन हुआ कार्यक्रम निवेदक मोहित दीक्षित, महांत उमेश महराज, अनुज दीक्षित, अनुज मिश्रा, राहुल दीक्षित, अशोक बाबा, स्वामी दयाल गुप्ता, नीरज कुमार, सचिन थारु सहित अन्य भक्तों ने गुरु जी की कथा रुपी प्रसाद ग्रहण किया।

## श्री बागेश्वर धाम में 300 कन्याओं के विवाह का साक्षी बने निःशुल्क बस यात्रा आज

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। अध्यात्म और सेवा की राह पर चलते हुए श्री बागेश्वर धाम सेवा समिति, सफीपुर एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था की राह सुगम करने जा रही है। आगामी 14 फरवरी 2026 को धाम में आयोजित होने वाले विशाल '300 कन्याओं के विवाह उत्सव' में सम्मिलित होने के लिए समिति द्वारा पंचम निःशुल्क बस यात्रा का आयोजन किया गया है।क्षेत्र में अपनी धार्मिक और सामाजिक सक्रियता के लिए पहचानी जाने वाली यह समिति पिछले लंबे समय से सेवा का एक अनूठा उदाहरण पेश कर रही है। समिति के अध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया कि भक्तों की अटूट आस्था को देखते हुए समिति ने यह संकल्प लिया है कि प्रत्येक तीन माह में सफीपुर से श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सिलसिला लगातार जारी है और इस बार की यह पांचवीं (पंचम) सफल यात्रा है। समिति के महामंत्री वैभव द्विवेदी 'कृष्णा' ने जानकारी दी कि इस बार की यात्रा विशेष है, क्योंकि श्रद्धालु धाम में पूज्य सरकार के सानिध्य में होने वाले 300 निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह के पुण्य कार्य के साक्षी बनेंगे। शनिवार को प्रातः 08:00 बजे सलींद रोड स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर से यह बस रवाना होगी।यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति के उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजू स्वर्णकार, सह-सचिव देवराज और कार्यकारिणी सदस्य आनन्द सिंह व अमन गुप्ता ने सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। समिति का कहना है कि भक्तों की सुरक्षा और सुविधा उनकी प्राथमिकता है। जो श्रद्धालु इस पावन यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं या भविष्य की यात्राओं के बारे में जानकारी चाहते हैं, वे समिति द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैंसंपर्क सूत्र 9198455060, 9793257980, 9453263471 क्षेत्र के धर्मप्रेमियों ने समिति के इस निरंतर प्रयास की सराहना की है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के भक्तों को भी धाम के दर्शन सुलभ हो पा रहे हैं।

## लीला मंचन में मौरध्वज की लीला देख भक्त हुए भाव विभोर



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व तक चलने वाले भक्तिमय आयोजनों में श्री रास बिहारी रासलीला मंडल के निर्देशक अनुभव शुक्ला के निर्देशन में रात्रि में मौरध्वज लीला का मंचन देख लोग के आंखों में अंशु आ गए। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों के सहयोग से बड़े धूम धाम से हो रहे आयोजन में दिन की रामलीला सुबाहु वध, मारीच वध तड़का वध का संजीव मंचन देख मौके पर मौजूद लोग वाहवाही करते नजर आए।हास्य कलाकार ने सभी को खूब हंसाया।बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के लोगो ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित हो कर भक्ति मय आयोजनों का आनंद व प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।

## इक्यावन सौ दीप प्रज्वलित भव्य गंगा आरती का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के सिध्दपीठ मां चंद्रिका देवी स्थल बक्सर घाट पर गुरूवार की शायं ऋत फाऊंडेशन के संस्थापक अनुराग त्रिवेदी व्दारा इक्यावन सौ दीपों प्रज्वलित कर भव्य गंगा आरती का शुभारंभ किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में क्षेत्रीय श्रध्दालु इक्ट्ठा होकर दीप प्रज्वलित किया।इस अवसर पर दो हजार जरूरतमंदों को कम्बल वितरण भी किया गया। अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि यह आरती अनवरत चलती रहेगी। माह में एक बार भव्य गंगा आरती का भी आयोजन होगा। वह ऐसे धार्मिक आयोजन समय समय पर करते रहेंगे। जिससे भारतीय संस्कृति की परंपरा बनी रहे। उन्होने ऐसे आयोजन को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होने मां तीन माह के भीतर भगवंतनगर विधानसभा में छह एम्बुलेंस समेत अन्य कई सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही। इस अवसर पर विकास मिश्रा,मुन्ना सिंह, आंशू बाजपेई, पप्पू त्रिवेदी, विनय तिवारी, युवा समाजसेवी अंकित पांडेय, गुड्डू शुक्ला, मनोज शुक्ला, विकास मिश्रा, भुल्लू यादव, संतोष यादव मजीत अहमद, विनय तिवारी संतोष निषाद पंकज दुवेदी, डिंपल, मोहित दुवेदी ,समेत कई क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ गंगा आरती व दीपदान कराया।

# गैर प्रांत में मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। गैर प्रांत में रहकर कमाई कर रहे युवक द्वारा किन्ही परिस्थितियों में मौत को गले लगा लिया गया शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया शुक्रवार दोपहर बाद क्षेत्रीय गंगा तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बांगरमऊ क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी23वर्षीय प्रशांत पुत्र विजयबहादुर सूरत शहर में रहकर एक साड़ी मिल में काम करता था कहा जा रहा उसके निवास पर ही उसका शव फंदे से लटका हुआ पाया गया जिसकी सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया शुक्रवार को दोपहर करीब शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।दोपहर बाद क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट ले जाकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

युवक द्वारा मौत को गले लगाने को लेकर चर्चा है कि युवक द्वारा प्रेम प्रशंग के चलते इस तरह का कदम उठाया गया है कुछ लोगो में घटना से पूर्व कुछ विवाद आदि की भी चर्चा बनी हुई है

मृतक तीन भाई के सबसे छोटा था,बड़े भाई प्रखर सिंह, प्रवीन सिंह विवाहित है। मां सलोनी सहित सभी का रोकर बुरा हाल है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घाट पर मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के बक्सर घाट पर शव मिलने से सनसनी फैल गयी।परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। बक्सर स्थित मां चंडिका देवी मंदिर के पूर्व प्रबंधक लल्ला गुरु के 42 वर्षीय एकलौते पुत्र रामबाबू पंडा का शव शुक्रवार दोपहर मरघट घाट पर लोगो को पड़ा दिखा। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी। ।परिवार के डिंपल द्विवेदी ने बताया कि मृतक रामबाबू गुरुवार शाम हुई गंगा आरती में शामिल होने की बात कहकर निकला था ।देर रात तक घर वापस न आने पर काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई पता नहीं चल सका। बक्सर चौकी प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि मामला हार्ट अटैक का लग रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।मृतक के दो पुत्र शिखर 12 वर्ष व सोम 10 वर्ष है जबकि एक पुत्री सान्या 18 बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा है। पत्नी कुसमा सहित पूरे परिवार का रो रो बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा परिजनों द्वारा किसी तरह का आरोप नहीं लगाया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## श्री मद्भागवत कथा में उमड़ी श्रदालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के दरिहट गांव स्थित मुंडा बाबा मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचक रवि शंकर मिश्र ने भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए धर्म, सेवा और आत्मचिंतन का संदेश दिया।महाराज ने कहा कि कलयुग में प्रत्येक हिंदू को गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाय के रोम-रोम में समस्त देवी-देवताओं का वास होता है और जहां गाय का निवास होता है, वहीं गोविंद का निवास माना जाता है। कथा के दौरान उन्होंने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए स्वयं को बदलने पर बल दिया। कहा कि हमारी गलतियां ही हमारी सबसे अच्छी शिक्षक होती हैं, क्योंकि वही हमें नई सीख देती हैं और आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती हैं।कार्यक्रम में भगवान राम के आदर्श चरित्र का भी भावपूर्ण वर्णन किया जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर अरुणेश द्विवेदी, मोहित दीक्षित, विपिन द्विवेदी, नितिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के परियर गंगा तट जाने वाली सड़क पर कार व बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गई। परियर गांव निवासी बउआ का 30 वर्षीय बेटा सुरेन्द्र गुरुवार को रात लगभग 9 बजे घर में शुक्लागंज जाने को बता कर निकला था।उसके कुछ देर बाद मोबाइल उठना बंद हो गया था।जिससे सुबह होते ही पारिवारिक जनों ने उसकी खोज बीन शुरू की।तभी सुबह लगभग 8 बजे परियर से गंगा तट जाने वाली सड़क की खंती में एक क्षतिग्रस्त बाइक व शव पड़े होने की सूचना मिली।जिसकी पहचान बउआ के पुत्र सुरेन्द्र के रूप में हुई। सफीपुर थाना अध्यक्ष एस एन तिवारी व चौकी प्रभारी अनिल राजपूत ने तुरंत शव को कब्जे में ले कर विधिक कार्यवाही करते हुए।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना अध्यक्ष एस एन तिवारी ने बताया दुर्घटना करने वाली कार को पकड़ कर थाने में खड़ी कर दी गई हैं।।सभी पहलुओं पर जांच की जाएगी।

## सम्पादकीय

# खुद की सजगता ही बचा सकती है साइबर ठगी से

डिजिटल तकनीक ने जहां देश को नई गति दी है, वहीं इसके खतरे भी कम नहीं हैं। बैंकिंग से लेकर सरकारी सेवाओं तक, हर क्षेत्र में ऑनलाइन माध्यम ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, लेकिन इस डिजिटल विस्तार के साथ साइबर ठगी का जाल भी तेज़ी से फैला है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब तक 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि डिजिटल ठगी के जरिए निकाली जा चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि व्यवस्था की कमजोरी और नागरिकों की असुरक्षा को भी उजागर करता है। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी को डकैती और लूट की संज्ञा देते हुए इसे गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया है, जो समय रहते नहीं रोकी गई तो इसके परिणाम और भयावह होंगे। ठगी के मामलों में एक बात साफ दिखाई देती है कि ठग तकनीक से ज़्यादा मानसिक कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। लालच और अज्ञानता उनके सबसे बड़े हथियार हैं। आसान मुनाफे का लालच देकर, डर पैदा करना और विवेक को शून्य कर देना, यही उनकी रणनीति है। कभी केवाईसी अपडेट के नाम पर, कभी फर्जी निवेश योजना, तो कभी सरकारी कार्रवाई का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी महज चेतावनी नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने वाली है। अदालत ने साफ कहा है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रही ठगी में बैंकों की लापरवाही या अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तैयार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को पूरे देश में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। आरबीआई की एसओपी में यह प्रावधान है कि साइबर फ्रॉड की आशंका होते ही तुरंत कार्रवाई की जाए, जैसे संदिग्ध लेन-देन पर डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड पर डालना, खाते की गतिविधि सीमित करना और समयबद्ध जांच। इसका उद्देश्य नुकसान को शुरुआती स्तर पर ही रोकना है। समस्या यह नहीं कि नियम मौजूद नहीं हैं, बल्कि यह है कि उनका पालन ढीले-ढाले तरीके से किया जा रहा है। सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह केवल दिशानिर्देश जारी करने तक सीमित न रहे, बल्कि उनके पालन की निगरानी भी सुनिश्चित करे। डिजिटल ठगी का एक और खतरनाक रूप है लोगों को डिजिटल अरेस्ट करना और सरकार के नाम पर लॉटरी टिकट बेचकर लोगों को ठगना। ठग खुद को सरकारी एजेंसी, राज्य लॉटरी विभाग या किसी प्रतिष्ठित सरकारी योजना का प्रतिनिधि बताकर लोगों को फोन या मैसेज करते हैं। बड़ी इनामी राशि का लालच देकर पहले मामूली रजिस्ट्रेशन फीस, टैक्स या प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर पैसे ऐंठे जाते हैं। इसके बाद कभी दस्तावेजों में कमी, तो कभी नए शुल्क का बहाना बनाकर ठगी का सिलसिला चलता रहता है। डिजिटल ठगी के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या अदालत की नहीं, बल्कि समाज की भी है। सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। कोई भी अनजान कॉल, लिंक या लालच भरा ऑफर चाहे वह सरकारी के नाम से ही क्यों न आए, बिना जांच के स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। बैंक या सरकारी विभाग कभी भी फोन पर ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं मांगते। जागरूक नागरिक, सख्त कानून और जवाबदेह व्यवस्था इन तीनों के बिना डिजिटल भारत का सपना सुरक्षित नहीं हो सकता।

# क्या हैं अमित शाह के बयान के निहितार्थ



विचार
पंकज झा

देश के गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में कहा कि 'छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने माओवादी मूवमेंट को प्रश्रय देकर रखा था इसमें किसी को भी शंका करने की कोई ज़रूरत नहीं है।' इस परिप्रेक्ष्य में अगर आप तब की भूपेश सरकार के कार्यों का विश्लेषण करेंगे, तो पाएंगे कि सचमुच कांग्रेस के एक समूह ने नक्सलियों को हमेशा ताकत देने का काम किया है। छत्तीसगढ़ में झीरम में भयंकर नक्सल हमला हुआ था, जिसमें माओवादियों के विरुद्ध पूरी ताकत से लड़ने वाले महेंद्र कर्मा से लेकर कद्दावर नेता नंद कुमार पटेल समेत दर्जनों नेता बलिदान हुए थे। उस हमले के बाद कांग्रेस में आई रिक्तता का सबसे अधिक लाभ किसे मिला, यह सर्वज्ञात है।

उस दुर्भाग्यजनक हमले के बाद कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में लगातार बघेल यह कहते रहे थे कि झीरम हमले के साक्ष्य उनकी जेब में हैं। लेकिन मुख्यमंत्री बन जाने के बाद भी न तो उन्होंने साक्ष्य सार्वजनिक किया, न ही उसे किसी जांच एजेंसी को सौंपा, जबकि साक्ष्य छिपाना भी दंडनीय अपराध है। इसी विषय पर दो कदम और आगे बढ़ते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से बिलासपुर में दो टूक यह कहलवा दिया गया कि 'झीरम हमले में नक्सलियों का हाथ नहीं है।' ऐसा कह कर सीधे तौर पर कांग्रेस सुप्रीमो से माओवादियों को क्लीन चिट दिलवा दी गई। इससे भी माओवादियों को प्रश्रय मिला ही। प्रदेश के मानपुर मोहला में तो कांग्रेस विधायक की उपस्थिति में हुई सभा में एक नक्सली ने क्षेत्र में वोट मांगने आने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को काट देने के धमकी दी थी। उस पर अमल भी किया। फिर ऐसा आतंक फैला कर वहां से कांग्रेस जीत कर भी आयी।

छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रंजीता रंजन का बयान याद कीजिए, जब उन्होंने कहा था कि सभी नक्सली खराब और गलत नहीं होते। कांग्रेस के यूपी के तब के अध्यक्ष राज बब्बर ने सीधे तौर पर माओवादियों को क्रांतिकारी कहा था। दुर्दांत नक्सली हिड़मा के मारे जाने पर तो पूर्व सीएम दिग्विजय ने एक संदिग्ध महिला का पोस्ट रिपोस्ट करते हुए उस पर सवाल उठाए थे। आतंकी हिड़मा की लाश पर जिस तरह वह महिला दहाड़े मार कर रो रही थी, उससे भी यह साबित हुआ कि नक्सलियों से उसके कैसे संबंध थे।

आज जब केंद्र और राज्य की दोनों सरकारें मिलकर माओवाद के विरुद्ध अंतिम लड़ाई लड़ रही हैं, तब भी कांग्रेस से नक्सल समर्थक बयान दिलवाये जा रहे हैं। अप्रैल 2024 में कांकेर जिले में 29 माओवादियों को मार गिराने में सुरक्षा बलों को उस समय तक की सबसे बड़ी सफलता मिली थी। इस मुठभेड़ को भी फर्जी साबित करने सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सामने आए थे, जबकि स्वयं नक्सलियों ने प्रेस रिलीज जारी कर नाम समेत स्वीकार किया था कि उनके 29 लोग मारे गए हैं।



ऐसे दर्जनों उदाहरण दिए जा सकते हैं जब कांग्रेस ने माओवाद के विरुद्ध लड़ाई को कमजोर करने की कोशिश की। यहां तक कि छत्तीसगढ़ में सरकार नहीं रहने पर अब तेलंगाना से माओवादियों को समर्थन के बयान दिलवाये जा रहे हैं। वहां की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सितंबर 2025 में नक्सलवाद को एक 'फिलॉसफी' कहा जिसे 'बल पूर्वक खत्म नहीं किया जा सकता।' उन्होंने इसे सामाजिक और आर्थिक असमानताओं से जन्मी समस्या बताया।

गृह मंत्री अमित शाह ने जैसा कहा भी कि यह अगर विकास की कमी का परिणाम होता, तो 'बस्तर से अधिक पिछड़े भारत के सौ जिले उस समय भी थे, लेकिन उनमें से कहीं भी नक्सलवाद नहीं पैदा हुआ। फिर भी अगर यह मान भी लिए जायें कि यह आर्थिक असमानता या शोषण से उपजा आतंक है, तो सवाल तो आखिर इसकी जिम्मेदारी कांग्रेस की ही तो है। जिस बस्तर को शोषण और दमन का उपनिवेश बना कर रखा गया था, कथित रूप से जिसके कारण माओवादी आतंक को प्रश्रय मिला, उस समय अविभाजित मध्यप्रदेश में कांग्रेस का ही तो शासन था। विडंबना तो यह है कि आदिवासी जन-जीवन को अलग बताते हुए जो लोग कांग्रेस शासन में बस्तर को विकास से अछूता रखना चाह रहे थे, वही लोग सेवानिवृत्ति के बाद लाल झंडा उठाते हुए बस्तर के पिछड़ेपन का बहाना कर नक्सल हिंसा को बौद्धिक आधार देने पहुंच गए थे। जिस अविभाजित आंध्रप्रदेश के रास्ते माओवादी बस्तर में आए, महाराष्ट्र में, बिहार-झारखंड में, पश्चिम बंगाल में हर जगह तब कांग्रेस ही तो थी। जिस नक्सलवाड़ी में कानू-चारू ने इस मूवमेंट की शुरुआत की थी, जिस शोषण और उत्पीड़न को कारण या बहाना बनाया गया, वहां तब किस दल की सरकार के कारण ऐसा था? जाहिर है कांग्रेस और बाद में कम्युनिस्ट ही तो इसके जिम्मेदार रहे। झारखंड में तो जिस झामुमो से कांग्रेस का गठबंधन रहा, उसने तो अनेक नक्सलियों को टिकट देकर कांग्रेस के समर्थन से लोकसभा और विधानसभा में भेजा। यह स्पष्ट है नक्सलवाद के जो भी बहाने रहे हों, उसकी जड़ में कांग्रेस रही है। आज भी गाहे-ब-गाहे कांग्रेस यही करती नजर आ रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री के जवाब में आए भूपेश बघेल के बयान भी इस 'प्रश्रय' को सही ठहराता प्रतीत हो रहे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि 'नक्सलवाद तब समाप्त माना जाएगा, जब पैरा मिलिट्री फोर्स को विथड्रा कर लेंगे। जब जन-प्रतिनिधियों को दी गई सुरक्षा वापस ले लेंगे।' इससे अधिक संवेदनहीन बयान की और क्या कल्पना की जा सकती है? क्या बघेल यह चाहते हैं कि सुरक्षा बलों को वापस लेकर फिर से आदिवासियों को असुरक्षित छोड़ दिया जाय? या जिस बस्तर में दर्जनों हजारों आदिवासी, दर्जनों नेता-कार्यकर्ता बलिदान हुए, वहां जनप्रतिनिधियों को असुरक्षित छोड़ दिए जाएं?

यही वह संवेदनहीनता है जिसका परिचय शासन में रहते भूपेश बघेल ने दिया था, जब अप्रैल 2021 में बीजापुर में हुए नक्सल हमले में 22 जवान शहीद हुए थे, उस समय न केवल वे असम में चुनाव प्रचार में व्यस्त थे बल्कि उस रात को जब अमित शाह असम से छत्तीसगढ़ आ कर मीटिंग कर लौट भी गए, तब बड़े ही संवेदनहीन तरीके से बस्तर के तब के सांसद और कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ असम के रेस्तरा में किए रात्रि पार्टी का फोटो कांग्रेस अध्यक्ष के हैंडल से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था।

सुरक्षा बलों को वापस बुलाने की बात कर कांग्रेस महासचिव बघेल क्या उस दौर के वापसी चाहते हैं, जब 'सलवा जुडूम' को कोर्ट द्वारा समाप्त कर देने के बाद चुन-चुन कर आदिवासियों की हत्या की गई? संदर्भवश यह भी उद्धत किया जा सकता है कि कांग्रेस के ही नेता रहे स्व. महेंद्र कर्मा के ही नेतृत्व में सलवा-जुडूम शुरू हुआ था। उसे कोर्ट द्वारा समाप्त करने पर कांग्रेस इतना अधिक कृतज्ञ हो गई कि उस फैसला देने वाले तबके के जज को सीधे उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बना दिया। इस उम्मीदवारी का विरोध करने बड़ी संख्या में ऐसे आदिवासीजन सीधे दिल्ली पहुंचे थे जिन्होंने नक्सल हमले में हाथ, पांव, आंखें, परिवार आदि खो दिया था। इस तरह नक्सल पीड़ितों के घावों पर कांग्रेस नेतृत्व ने नमक ही छिड़का था। वास्तव में सुरक्षा बलों को वापस बुलाने की बात कर भूपेश बघेल अपनी उसी अवज्ञा का परिचय दे रहे हैं, जैसा भाव केंद्रीय संस्थाओं, संघीय ढांचा के प्रति उनके पूरे कार्यकाल के पहचान रही, जिसका खामियाजा बस्तर को भी भोगना पड़ा था।

अभी अमित शाह के जिस पुराने बयान को तोड़-मरोड़ कर भूपेश बघेल प्रस्तुत कर रहे, तब की वह सफलता भी सुरक्षा बलों के कारण मिली थी और वह कांग्रेस शासन के बावजूद हो पाया था। अगर ऐसा नहीं होता तो जो सफलता आज विष्णुदेव साय जी की सरकार में मिल रही है, वह तभी मिल पाना संभव होता अगर भूपेश सरकार ने वर्तमान भाजपा सरकार की तरह सहयोग किया होता तो। बहरहाल!

बस्तर अब दशकों की पीड़ा के बाद एक नयी सुबह की बाट जोह रहा है। आज वहां बारूद की जगह विकास प्रश्रय पा रहा है। ऐसे में कांग्रेस को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं होती। हमेशा शांति-व्यवस्था और संविधान को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। गृह मंत्री के बयान का यही लब्बोलुआब है।


दिवस विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# विज्ञान-अनुसंधान में आधी आबादी का बढ़ता प्रभाव

आधी आबादी को समर्पित आज का दिन कई मायनों में खास है। विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को मान्यता देने के लिए सालाना 11 फरवरी को 'विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। 22 दिसंबर 2015 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा में घोषित इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितज्ञ क्षेत्र में महिलाओं की समान भागीदारी को बढ़ाना और लैंगिक असमानता को दूर करना था। आज इस दिवस का 11वां संस्करण मनाया जा रहा है। इस साल की थीम 'अभी सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है' पर केंद्रित है। विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदमों की बात करें, तो मंगल मिशन की सफलता से लेकर नासा और नोबेल पुरस्कार तक भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। विज्ञान के वैश्विक स्तर पर भी भारतीय महिलाओं की धूम है। ये सिलसिला अब इसलिए भी रुकने वाला नहीं? क्योंकि सामाजिक बेड़ियों को तोड़कर महिलाएं दिनोंदिन विज्ञान की दुनिया में अकल्पनीय कीर्तिमान स्थापित करती जा रही हैं। एकाध दशकों के भीतर विज्ञान क्षेत्र और उसके विषय में महिलाओं की भूमिकाएं अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी के तौर पर उभरी हैं। आधा आबादी ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अपना क्रांतिकारी योगदान देकर अपने दम पर पुरुषों के साथ कदम ताल मिलाया है। मैरी क्यूरी से लेकर भारतीय अंतरिक्ष मिशनों तक, महिलाओं ने रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की हैं। केंद्र सरकार ने 2024-25 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 16,628 करोड़ रुपये आवंटित इसलिए किए थे, ताकि इस क्षेत्र में धन की कमी न आए। अब भारत में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। वर्ष-2018-19 की विभिन्न शोध परियोजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी तकरीबन 28 से 30 फीसदी तक बढ़ीं। 2024-24 के आंकड़ों में और इजाफा हुआ है। गति अगर यूं ही बरकरार रही, तो साल 2047 में जब भारत पूर्ण रूप से विकसित होगा, तब विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी आधी हो जाएगी। महिलाओं के लिए भारत अब बदल चुका है, क्योंकि वैश्विक औसत के हिसाब से विज्ञान क्षेत्र में भारतीय महिलाएं की रुचि ज्यादा बढ़ी है। यही कारण है कि स्टेम शिक्षा में महिलाओं की हिस्सेदारी अब लगभग 43 प्रतिशत तक जा पहुंची है। केंद्रीय व राज्य सरकारों द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के प्रयासों में इंटरशिप, छात्रवृत्तियां और अन्य 11 पीठों का गठन महिला शोधकर्ताओं को बढ़ाने मकसद से शुरू किया जा चुका है। केंद्र सरकार में इसका अलग से मंत्रालय भी बनाया गया है। मंत्रालय का नाम है 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान'। एक जमाना था, जब विज्ञान जैसे क्षेत्रों में गिनी चुनी महिलाओं की ही आमदगी होती थी। पर, अब इसरो के चंद्रयान और मंगलयान मिशनों की सफलता में भारतीय महिला वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान भी दिखने लगा है। आनंदीबाई जोशी पहली महिला डॉक्टर, असिमा चटर्जी पहली कैंसर और मिर्गी शोध, सुषमा घोष पहली चिकित्सा विज्ञान और जानकी अम्माल ने गन्ने की हाइब्रिड प्रजातियों के विकास में जो योगदान दिया, उसे कोई नहीं भूल सकता। वहीं, अन्ना मणि का सौर विकिरण और ओजोन परत के क्षेत्र में दिया उल्लेखनीय कार्य सदैव सराहनीय रहेगा। इन महिलाओं ने ये सफलताएं उस समय हासिल की थी, जब महिलाओं को घरों की चारदीवारी में कैद करके रखा जाता था। बाहर निकलने की आजादी तक नहीं होती थी। भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने न केवल विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान किया, बल्कि गणित, अंतरिक्ष और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में भी शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। अंतरिक्ष की दुनिया में दमदार प्रदर्शन करने वाली इन महिलाओं के संबंध में युवा पीढ़ी को जानना चाहिए। वैश्विक पटल पर भी भारतीय महिलाओं ने अपने हुनर का लोहा अपनाया। कल्पना चावला भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के बारे में छोटे बच्चे से लेकर बुज़ुर्ग तक हर कोई जानता है।

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जान है तो जहान है

दुनिया भर की बकवास को छोड़कर सर्वप्रथम स्वास्थ्य क्षेत्र में सारा ध्यान केंद्रित किया जाना अनिवार्य है। धर्म, जाति, भाषाएं, राजनीतिक दल, संप्रदाय, देशभक्ति, देश-दुनिया तभी बचे रहेंगे जब तक लोग जीवित रहेंगे, सही सलामत रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। हमारे भारत में भी कौन जाने, कहां, कब, कैसे, किस क्षेत्र में क्या-क्या उन्नति-प्रगति हो रही है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर पहुंच चुकी है। ये सभी काल्पनिक और आदर्शवादी बातें उन सभी करोड़ों भारतीय नागरिकों की समझ से सर्वथा परे हैं, जो आज भी अपनी दैनिक और विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी सैकड़ों समस्याओं से लगातार ही जूझते हुए कुछ चैन, सुकून, शांति व आराम की तलाश कर रहे हैं। स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

*- प्रथमेश कुलकर्णी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### जनता का भरोसा



महाराष्ट्र की जनता ने जिला परिषद चुनावों में महायुति के पक्ष में स्पष्ट निर्णय लेकर विकास तथा सुशासन की राजनीति को अपना समर्थन दिया है। इस जनविश्वास के लिए राज्य की जनता का हृदय से आभार। जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा ही इस जीत का आधार बना है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### प्रधानमंत्री आवास योजना



प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हजारों जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर मिल रहा है, जो उनके सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की मजबूत नींव है। मेरा निरंतर प्रयास है कि पंक्ति में सबसे आखिरी खड़े व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुँचे, ताकि कोई पात्र वंचित न रहे।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### पायलट को श्रद्धांजलि



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती पर हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है। उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया, भारतीय वायुसेना में रहते हुए देश के प्रति अपनी निष्ठा व समर्पण का परिचय दिया।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### घरेलू उत्पादन बढ़ाएं



भारत अपने तेल और गैस का 90 फीसदी आयात करता है। हम तीन तरफ से समुद्र से घिरे है। घरेलू उत्पादन बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम तेल और गैस के लिए विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता बाजार है।

- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### केन्या में 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी की चपेट में

केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने यह जानकारी दी। केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं।



## ऑफ बीट

### दो-तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया का खतरा कम

वैज्ञानिकों ने पाया है कि दिन में दो से तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया होने का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है, लेकिन इससे अधिक मात्रा में कॉफी पीने से मस्तिष्क को कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता। एक व्यापक अध्ययन में सीमित मात्रा में कैफीनयुक्त कॉफी या चाय पीने वालों में डिमेंशिया होने की संभावना कम पाई गई। अध्ययन के अनुसार, 75 वर्ष या उससे कम आयु के लोगों में इसका प्रभाव सबसे अधिक देखा गया। रोजाना करीब 250-300 मिलीग्राम कैफीन (लगभग दो से तीन कप कॉफी) लेने वालों में डिमेंशिया का जोखिम 35 प्रतिशत तक कम पाया गया।



## संक्षेप

### कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**तिलोई तहसील-बाजार शूकुल ब्लॉक का भी लेंगे जायजा**

अमेठी , अयोध्या मंडल के कमिश्नर राजेश कुमार ने आज एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचकर कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद कमिश्नर तिलोई तहसील और बाजार शूकुल ब्लॉक का भी दौरा करेंगे। अमेठी पहुंचने पर कमिश्नर राजेश कुमार को कलेक्ट्रेट में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों का गहन निरीक्षण किया। इनमें राजस्व सहायक (एलबीएसी) कार्यालय, शिकायत लिपिक कार्यालय, एलआरसी, डीएलआरसी और शस्त्र लिपिक कार्यालय शामिल थे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत भी की। निरीक्षण के दौरान अमेठी के जिलाधिकारी संजय चौहान सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट से निकलने के बाद कमिश्नर तिलोई तहसील जाएंगे और वहां निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत वे बाजार शूकुल ब्लॉक का दौरा कर अयोध्या के लिए रवाना हो जाएंगे। कमिश्नर के दौरे को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई थी। सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित ड्रेस में तैनात रहे। निरीक्षण के संबंध में कमिश्नर राजेश कुमार ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर के सभी पटलों का निरीक्षण किया गया है और जल्द ही सभी अधिकारियों के साथ बैठक भी की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए जियो के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने यह भी बताया कि एसआईआर की समीक्षा पिछली बार की गई थी, लेकिन इस बार अभी नहीं हुई है। नो-मैपिंग मामलों में नोटिस जारी कर दिए गए हैं और उनकी डिलीवरी भी हो चुकी है। अमेठी डीएम द्वारा लगभग 25 हजार मामलों की सुनवाई की गई है, जिसके लिए एक महीने का समय और बढ़ा दिया गया है ताकि सभी कार्य समय पर पूरे किए जा सकें।

### एसयूवी की टक्कर से महिला की मौत

**संग्रामपुर में इलाज के दौरान तोड़ा दम, परिवार में दो बेटियां और एक बेटा**

अमेठी , संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सहजीपुर गांव में एक तेज रफ्तार महिंद्रा एसयूवी की टक्कर से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया मृतका की पहचान सहजीपुर निवासी शिव कुमारी पाल पत्नी स्वर्गीय राम मुरत के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, तेज गति से आ रही एसयूवी ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शिव कुमारी पाल अपने पड़ोसी जवाहरलाल पुत्र राम अंजोर गुप्ता के यहां रहकर जीवन यापन कर रही थीं।

उनके पति राम मुरत की भी लगभग 15 वर्ष पहले एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

# शिक्षक समस्याओ को लेकर महासंघ बीएसए कार्यालय पर करेगा धरना-प्रदर्शन

**18 फरवरी को लंबित शिक्षक समस्याओं के सम्बन्ध में होगा धरना-प्रदर्शन**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच के द्वारा ज्वलंत शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व में दर्जनों बार पत्र व वार्ता के क्रम के बाद भी निराकरण न होने के कारण और जनपद स्तर पर व्याप्त रोष को एवं शिक्षकों के हितों कों सर्वोपरि रखते हुए महासंघ द्वारा 18 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच कार्यालय पर करेगा धरना प्रदर्शन ।जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया है कि शिक्षकों के चयन वेतनमान का ऑनलाइन आदेश जारी होने के बाद भी अब तक हस्ताक्षरित आदेश कॉपी नहीं उपलब्ध करवाई गई जिससे 2 महीने होने वाले है अब तक चयन वेतनमान का लाभ वेतन में जुड़कर नहीं मिला है, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतन भुगतान, बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में 30 दिन की स्वीकृत, विकास खंड पयागपुर में एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान मात्र कुछ ही मिनट की देरी के लिए लगभग 65 शिक्षक/शिक्षिकाओं की अस्थाई रूप से वार्षिक वेतन वृद्धि बाधित कर दी गई है। शिक्षक-शिक्षिकाओं के एक-दो दिन का अवरुद्ध वेतन सामूहिक रूप से बहाल करने, निरीक्षण के समय शिक्षक/शिक्षिकाओं के किसी कारण वश उपस्थित न होने पर यदि उनका आकस्मिक अवकाश शेष है तो उनके आकस्मिक अवकाश से उक्त दिवस का अवकाश घटाते हुए वेतन की कटौती न करने, पात्र शिक्षक/शिक्षिकाओ को दिव्यांग भत्ते का नियमानुसार भुगतान, पूर्व में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्राप्त कर चुके सभी अध्यापकों की ऑफलाइन सेवा पुस्तिका उनके कार्यरत जनपद स्थानांतरित करने, ऑफलाइन निरीक्षण पर रोक, निरीक्षण के दौरान शिक्षकों का पक्ष जाने बिना कोई भी विभागीय कार्यवाही न करने सहित अन्य मांगों के सम्बन्ध ने दिनांक 18 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बहराइच पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में जनपद के सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा है कि यदि समय रहते सभी शिक्षक समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि, चयन वेतनमान सहित अन्य सभी मुद्दों पर शिक्षकों का उत्पीड़न हो रहा है। जल्द ही मांगों पर निर्णय नहीं होगा तो संगठन पूरी ताकत के साथ आंदोलन करेगा। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा ने बताया है कि, जनपद के शिक्षक न्याय की प्रतीक्षा कर रहे है और महासंघ की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे है यदि विभाग द्वारा शिक्षकों कों समय रहते सम्मान और अधिकार देने में अन्याय किया तो तय समय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी ने कहा कि समय रहते लंबित समस्याओ का निराकरण नहीं हुआ तो महासंघ व शिक्षक अपनी ताकत दिखाने में पीछे नहीं हटेगा ।जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी ने कहा शिक्षक हित से बढ़कर महासंघ के लिए कुछ नही है शिक्षकों की हर समस्या के लिए महासंघ आर पार की लड़ाई तथा संघर्ष करने के लिए कमर कस चुका है।

# वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित




अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच।एडी पब्लिक स्कूल रूकनापुर में 10 फरवरी को आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों को शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों की खूब सराहना बटोरी ।मुख्य अतिथि के रूप में कुंडासर चौकी प्रभारी दीपक सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय के प्रबंधक इरफान अहमद, व्यवस्थापक नसीम अहमद एवं प्रधानाध्यापक फैजान अहमद भी मंचासीन रहे। दीपक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं ।विद्यालय प्रबंधक इरफान अहमद ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत है ।कार्यक्रम के सफल आयोजन में मेराज अहमद, मोहम्मद जावेद, मास्टर वदूदुर्रहमान, मुकेश पाल, हाफिज बिलाल अंसारी, फरहीम फातिमा, सानिया अंसारी, दिशा एवं सुधा सहित समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिवनाथ शिखर एडवोकेट एवं सादिक अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अतिथियों एवं सभी अध्यापकों को भी शील्ड, डायरी व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।अंत में प्रधानाध्यापक फैजान अहमद ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विद्यालय में ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों का क्रम जारी रहेगा।

# कैसरगंज में इंडियन बैंक की बदहाल व्यवस्था

- घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर ग्राहक
- अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती न होने से बढ़ी भीड़, कई ग्राहक बिना भुगतान लिए लौट रहे घर

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कस्बा कैसरगंज स्थित इंडियन बैंक शाखा में इन दिनों अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है। क्षेत्र की पुरानी एवं प्रमुख बैंक शाखा होने के कारण यहां खाताधारकों की संख्या काफी अधिक है, लेकिन बढ़ती भीड़ के अनुपात में कर्मचारियों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है ।इसका खामियाजा आम ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्राहक नकद निकासी, जमा, पासबुक अपडेट और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए पहुंचते हैं ।सुबह से ही बैंक परिसर में लंबी कतारें लग जाती हैं। ग्राहकों को कई-कई घंटे लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, फिर भी कई बार उनका कार्य समय पर नहीं हो पाता ।मजबूरन कुछ लोग बिना भुगतान लिए ही वापस लौट जाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगजन सबसे अधिक परेशान नजर आ रहे हैं। लंबे समय तक खड़े रहने से कई लोगों को चक्कर आने और तबीयत बिगड़ने की शिकायत भी सामने आई है। बावजूद इसके, बैंक प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त काउंटर या कर्मचारियों की व्यवस्था नहीं की गई है ।स्थानीय नागरिकों और खाताधारकों ने बैंक प्रशासन से मांग की है कि ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए तथा व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके ।अब देखना यह है कि बैंक प्रबंधन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है और व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# अज्ञात हिंसक जानवर के हमले में 7 वर्षीय बालक गंभीर , लखनऊ रेफर



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। थाना क्षेत्र रुपईडीहा अंतर्गत ग्राम रामनगर में गुरुवार की देर रात एक अज्ञात हिंसक जानवर के हमले से सात वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम (7 वर्ष), पुत्र अजय मिश्रा, निवासी रामनगर, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच, बीती रात लगभग 2:00 बजे अपने घर के बाहर सो रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात हिंसक जानवर ने उस पर अचानक हमला कर दिया। परिजनों और आसपास के लोगों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर किसी तरह बच्चे को जानवर के चंगुल से छुड़ाया।हमले में बालक के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।

घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस व संबंधित विभाग को दी गई। परिजनों द्वारा घायल बालक को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। फिलहाल बालक का उपचार लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार मौके पर शांति व्यवस्था कायम है तथा ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है।साथ ही वन विभाग की टीम को भी सूचना दे दी गई है, ताकि हमलावर जानवर की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। ग्रामीणों में घटना को लेकर भय व्याप्त है।लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और हिंसक जानवर को पकड़ने की मांग की है।प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# जरवल में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन, जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज/जरवल (बहराइच। जीबी हॉस्पिटल कैसरगंज की ओर से जरवल कस्बे में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पदम सिंह चौधरी (प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा) उपस्थित रहे। शिविर का संचालन अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने किया। शिविर में सैकड़ों मरीजों की नेत्र जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। मोतियाबिंद के मरीजों का चयन कर उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में प्रमोद गुप्ता, प्रमुख जरवल धिरेश सिंह, राजन सिंह, अजय वर्मा, पवन वर्मा, ओम प्रकाश अवस्थी, प्रशांत अग्नोत्री, श्यामू सिंह, विजय कुमार सराफ, अनिल सोनी, राजेश श्रीवास्तव, परवीन सिंह, सौरभ कसौधान, डॉ. सतर्कता गुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्ता व सहयोगीगढ़ भारी संख्या में उपस्थित रहे ।मुख्य अतिथि ने अस्पताल प्रबंधन के इस जनसेवा कार्य की



सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही।

# दिव्यांगजनों के लाभार्थ आयोजित हुआ रोजगार मेला



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला उद्योग केन्द्र, जिला सेवायोजन कार्यालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच में दिव्यांगजन के लाभार्थ रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग करते हुए आठ दिव्यांगजनो को कम्पनियों के द्वारा जॉब ऑफर लेटर वितरित किया गया साथ ही छः दिव्यांगजनों का मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में पंजीकरण कराकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया गया। रोजगार मेले में आये हुए दिव्यांगजनो को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई श्रीमती स्मृति शर्मा ने मेला आयोजन में सहयोग करने वाले विभागों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि निरन्तर अन्तराल में शिक्षण संस्थान द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को सेवायोजित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यदेशक श्रीमती अनुसूईया, जिला प्रबन्धक रवि पाठक, डी.पी.एम. भानु प्रताप, अनुदेशक अर्पित मौर्य, राहुल बाजपेयी व निरंजन लाल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# 14 फरवरी तक बंद रहेंगी मीट दुकानें

**कांवड़ मार्ग पर 1260 सफाईकर्मी तैनात, आवारा पशु दिखे तो मालिक पर होगी मुकदमा दर्ज**



अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, अलीगढ़ नगर निगम ने महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारी कर ली है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने क्वार्सी चौराहे से लेकर खेरेश्वर धाम तक तक मीट की दुकानें बंद करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा इस कांवड़ यात्रा मार्ग को पूरी तरह से विशेष जोन में तब्दील किया जाएगा। कांवड़ मार्ग पर 1260 सफाई कर्मचारी भी तैनात किए जाएंगे। नगर आयुक्त ने समीक्षा बैठक में कहा कि फील्ड में तैनात सभी 1260 सफाई कर्मचारी अपनी एप्रिन (वर्दी) में रहेंगे। यदि कोई कर्मचारी बिना वर्दी के मिला तो उसके साथ संबंधित अधिकारी पर भी कार्रवाई की जाएगी। पूरे कांवड़ मार्ग की निगरानी के लिए 4 सेक्टर प्रभारी, 35 अधिकारी और 20 क्लस्टर प्रभारी तैनात किए गए हैं।

नगर निगम ने आवारा पशुओं को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। पशु कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि मार्ग पर एक भी आवारा पशु नहीं मिलना चाहिए। अगर आवारा पशु सड़क पर घूमता मिला या फिर उससे कोई दुर्घटना हुई तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही, कांवड़ मार्ग की सभी मीट दुकानें यात्रा पूर्ण होने तक पूरी तरह बंद रहेंगी।

### 850 अतिरिक्त लाइटें लगेंगी

श्रद्धालुओं को रात में कोई परेशानी न हो इसके लिए क्वारसी से खेरेश्वर धाम तक 850 अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें 12 फरवरी तक लगाई जाएंगी। सड़कों से मलबा, कंकड़ और गड्ढों को हटाने के लिए नगर निगम की टीमें रात में भी काम करेंगी।

### न करें प्लास्टिक का इस्तेमाल

नगर आयुक्त ने स्वागत शिविर संचालकों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें। कचरा उठाने के लिए 50 अतिरिक्त टेम्पो लगाए गए हैं। निगम का लक्ष्य इस वर्ष की यात्रा को जीरो वेस्ट बनाना है। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए प्रमुख स्थानों पर हेल्प डेस्क और पेयजल स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं।

# अधिवक्ताओं ने तहसीलदार को बनाया बंधक

**कार्य न करने का आरोप, एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर की सदर तहसील में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार को उनके ही कार्यालय में बंधक बना लिया। उन पर लापरवाही और काम न करने का आरोप लगाया गया है। यह घटना करीब दो घंटे तक चली। अधिवक्ता एसडीएम सदर के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते रहे अधिवक्ताओं का आरोप है कि पीड़ितों के काम के लिए जब वे तहसीलदार के कार्यालय जाते हैं, तो कोई कार्य नहीं किया जाता और उन्हें टहलाया जाता है। उन्होंने तहसीलदार को हटाने की मांग की है ।यह घटना दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई। कई अधिवक्ता अपने कार्यों के संबंध में तहसीलदार सत्येंद्र कटियार के कार्यालय पहुंचे। अधिवक्ताओं ने जब उनसे आवश्यक कार्य करने को कहा, तो तहसीलदार ने कथित तौर पर मना कर दिया, जिससे विवाद बढ़ गया ।इसके बाद अधिवक्ताओं ने तहसीलदार को उनके कार्यालय के अंदर ही बंधक बना लिया ।लगभग एक घंटे तक तहसीलदार और अधिवक्ता कमरे के अंदर रहे। बाद में, एसडीएम सदर ने हस्तक्षेप किया और तहसीलदार को उनके कार्यालय से निकालकर अपने कार्यालय में भेजा। इसके बावजूद, अधिवक्ताओं ने कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम सदर के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। सिटी मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंचे, लेकिन अधिवक्ताओं के साथ



उनकी बातचीत बेअसर रही अधिवक्ताओं का मुख्य आरोप है कि दाखिल-खारिज के नामांतरण आदेशों को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है। उनका कहना है कि अधिकारी समय न होने का बहाना बनाते हैं, जबकि बाद में कई आदेश पारित हो जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों पर ₹संत स्वभाव₹ का होने का व्यंग्य करते हुए कहा कि इससे जनता और अधिवक्ता दोनों परेशान हैं। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तहसीलदार को हटाने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सदर तहसील में कोई भी कार्य बिना पैसे दिए नहीं किया जाता है। उनका दावा है कि ₹सुविधा शुल्क₹ मिलने के बाद काम आसानी से हो जाते हैं।

# 35 निजी स्वास्थ्य संस्थानों में बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन नहीं

**प्रतापगढ़ में सीएमओ ने नोटिस जारी कर 15 दिन में मांगा जवाब**



अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , जिले के 35 निजी स्वास्थ्य संस्थानों में बायो मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन की उचित व्यवस्था नहीं पाई गई है। इस लापरवाही के सामने आने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने सभी संस्थानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है ।डिप्टी सीएमओ और अपर शोध अधिकारी द्वारा जिलेभर में किए गए सप्ताहभर के निरीक्षण के दौरान यह अनियमितता सामने आई। निरीक्षण के दौरान इन संस्थानों द्वारा बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन से संबंधित कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। यह संस्थान सदर क्षेत्र के साथ-साथ कुंडा, पट्टी, लालगंज और रानीगंज तहसील क्षेत्रों में संचालित नर्सिंगहोम, पॉली क्लीनिक, पैथोलॉजी जांच केंद्र और अन्य स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं। बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन का अर्थ अस्पतालों, क्लीनिकों और प्रयोगशालाओं से निकलने वाले संक्रामक कचरे (जैसे सुई, शरीर के अंग, पट्टियां) को वैज्ञानिक तरीके से अलग करना, संग्रहीत करना, परिवहन करना और नष्ट करना है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हालांकि, शहर के कुछ निजी अस्पतालों से ऐसे कचरे को एकत्रित करने के लिए लखनऊ और प्रयागराज से विशेष वैनें प्रतिदिन आती हैं। सीएमओ कार्यालय के शोध विभाग ने सभी 35 संस्थानों को नोटिस भेजकर 15 दिन के भीतर जवाब देने को कहा है।

# यूजीसी बिल के समर्थन में कुंडा में रैली

**प्रतापगढ़ में विरोध करने वाले नेताओं के बहिष्कार की चेतावनी**




अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , कुंडा थाना क्षेत्र में बहुजन युवा एकता मंच के बैनर तले एससी, एसटी और ओबीसी समाज के सैकड़ों लोगों ने यूजीसी बिल के समर्थन में रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने तहसील पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। रैली का नेतृत्व मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड्डन राज पासी ने किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कुंडा बस अड्डा परिसर में सुबह से ही लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। आयोजकों ने यूजीसी बिल को शिक्षा, सामाजिक न्याय और युवाओं के अधिकारों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताया और इसे लागू करने की मांग की। कार्यक्रम की पूर्व सूचना के कारण प्रशासन सतर्क रहा। उपजिलाधिकारी वाचस्पति सिंह, क्षेत्राधिकारी अमरनाथ गुप्ता और इंस्पेक्टर मनोज पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद थे। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रदर्शनकारियों को रैली न निकालने की सलाह दी, लेकिन वे अपने निर्णय पर कायम रहे। इसके बाद रैली निर्धारित मार्ग से बस अड्डा, खैराती रोड, मेन चौराहा, सरयू नगर और भगवन तिराहा होते हुए तहसील गेट पहुंची। पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा और यातायात नियंत्रित किया गया। तहसील पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए यूजीसी बिल लागू करने की मांग दोहराई। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि जो नेता यूजीसी बिल का विरोध कर रहे हैं, आगामी चुनाव में उनका बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी समाज से जुड़े वे जनप्रतिनिधि जो इस मुद्दे पर चुप हैं, उन्हें भी जनता जवाब देगी।इस कार्यक्रम में सुभाष चंद्र यादव, गुलाब यादव, प्रमोदराज पासी, रंजीत कुमार सरोज, व राम प्रताप सरोज और बीडीसी दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### तीन बाल अपचारी समेत पांच गिरफ्तार

सोनभद्र।अनपरा थाना पुलिस ने कबाड़ की आड़ में चोरी की घटनाओं कोअंजाम देने वाले गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में से तीन बाल अपचारी हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अनपरा थाना पुलिस ने पंजीकृत मुकदमा संख्या 29/2026 धारा 305 (ए), 317(2) बीएनएस से संबंधित प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए चोरी की घटनाओं में संलिप्त कबाड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियुक्तकबाड़ के आड़ में क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे तथा चोरी किए गए लोहे के सामान को इकट्ठा कर बेचने की तैयारी में थे। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्त संजय कुमार पुत्र राम बच्चन प्रसाद निवासी ककरी रेहटा मोड़ थाना अनपरा, राधे कुमार पुत्र शनि निवासी डिबुलगंज थाना अनपराएवं तीन बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर

म्योरपुर, सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र के बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर रासपहरी गांव के पास बुधवार को पिकअप से टकरा कर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल डड़िहरा गांव निवासी 25 वर्षीय आशीष यादव पुत्र बिहारी यादव को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर से मेडिकल कालेज से संबंद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार आशीष यादव रेणुकूट की ओर से आ रहा था। रासपहरी गांव के पास आगे चल रही पिकअप से टकरा गया। इस हादसे में बाइक सवार आशीष को गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद उसे उपचार के लिए सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चार गोवंशों के साथ तस्कर गिरफ्तार

सोनभद्र।बभनी थाना पुलिस ने वध के लिए ले जाए जा रहे चार गोवंशों को सकुशल बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान बाबूलाल अगरिया पुत्र केश्वर अगरिया उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम चकबगदरी सानी थाना बभनी के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में गोवंशों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बभनी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी बाबूलाल अगरिया चार गोवंशों को वध के लिए जंगली रास्ते से ले जा रहा था। आरोपी के साथ दो अन्य लोग भी थे, जो पुलिस को देखकर मौके पर ही अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस ने आरोपी बाबू लाल अगरिया को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दिन्नू प्रसाद यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दो बैल, एक गाय व एक बछिया को लेकर जंगली रास्ते से जा रहा था। मौके से फरार हुए दो अन्य व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर कानून के हवाले कर दिया जाएगा। मौके पर प्रभारी निरीक्षक दिन्नू प्रसाद यादव, उप निरीक्षक शिवमूरत यादव, हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, रामअशीष यादव आदि मौजूद रहे।

# स्वर्ण पदक हासिल कर छात्र ने बढ़ाया अमौली शिक्षा क्षेत्र का गौरव

## मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बंबुरिहापुर के छात्र ने हासिल की विजय

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर।मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत फतेहपुर जनपद के अमौली विकासखंड का नाम सर्वोच्च शिखर पर रहा प्रयागराज मंडल द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कौशांबी जनपद में संपन्न हुई अनेक जनपदों समेत फतेहपुरजनपद के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया जहां फतेहपुर जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के बंबुरिहापुर कंपोजिट विद्यालय के छात्र प्रियांशू ने स्वर्ण कांस पदक समेत अन्य पुरस्कार पर विजय हासिल की कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक शिक्षा निदेशक प्रयागराज संजय कुमार कुशवाहा ने किया वहीं छात्र प्रियांशू ने चक्का फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक का परचम लहराया ठीक इसी प्रकार 400 मीटर रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए कांस पदक तथा गोला फेक प्रतियोगिता में समूचे प्रयागराज मंडल में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए ब्रांज मेडल प्राप्त किया कार्यक्रम में उपस्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशांबी डॉक्टर कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने नौनिहाल छात्र प्रियांशू को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार से सम्मानित करते हुए छात्र के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र का मार्गदर्शन कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय के शिक्षकों समेत व्यायाम शिक्षक आदित्य पाण्डेय को भी इस अभूतपूर्व विजय के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी सूचना मिलते ही अमौली विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ल तथा श्रवण कुमार पाल ने भी स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हुए छात्र के सार्थक प्रयास की सराहना की वही समूचे विद्यालय परिवार को इस अभूतपूर्व विजय के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी विद्यालय परिवार के प्रधानाध्यापक ऋतुराज शिक्षक कुलदीप तिवारी संगीता पाल अंजुला सचान प्राची समेत सभी लोगों ने उच्च अधिकारियों समेत व्यायाम शिक्षक आदित्य पाण्डेय का सादर आभार व्यक्त किया वही विद्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार छात्र प्रियांशु ने मंडल स्तरीय कार्यक्रम में विजय हासिल की जिसके लिए प्रसन्नता जाहिर करते हुए विद्यालय आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए छात्र को प्रोत्साहित करेगा यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आयोजित की जाएगी

# जूनियर डॉक्टरों और तीमारदारों में मारपीट

## एसआरएन अस्पताल में ब्लड सैंपल लेने को लेकर हुआ विवाद, 4 लोग घायल

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज , स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में ब्लड सैंपल लेने को लेकर जूनियर डॉक्टरों और मरीज के तीमारदारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत किया।कौशांबी के संदीपन घाट थाना क्षेत्र के चिकवन का पूरा के रहने वाले राकेश चौधरी दो दिन पहले मारपीट में घायल होकर जिला अस्पताल से एसआरएन रेफर किए गए थे। उन्हें हड्डी रोग विभाग के वार्ड नंबर-2 में भर्ती किया गया। करीब साढ़े पांच बजे दो जूनियर डॉक्टर वार्ड में राकेश के ब्लड सैंपल लेने पहुंचे। आरोप है कि मरीज के तीमारदार प्रदीप दिवाकर और रिश्तेदार कमल चौधरी ने सैंपल देने से साफ मना कर दिया। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों में धक्कामुक्की हुई और देखते ही देखते लात-घूसों की मारपीट शुरू हो गई। इसमें दोनों डॉक्टरों के साथ प्रदीप और कमल को भी गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना पर एसआरएन चौकी पुलिस और अस्पताल के डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी आनंद यादव ने दोनों पक्षों को काफी समझाबुझाकर शांत किया। उन्होंने बताया कि ब्लड सैंपल लेने लेकर विवाद बढ़ा और मारपीट हो गई। अभी तक किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलते ही एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई होगी।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर नौनिहालों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

### पूर्व शिक्षक विधायक ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के गोविंदपुर बिलारी मोड पर स्थापित परम शक्ति प्रताप सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षक विधायक लवकुश कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्रबंधक आलोक कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में आयोजित हुए वार्षिकोत्सव समारोह अंतर्गत विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि समेत मौजूदा सभी जन समुदाय का हार्दिक अभिनंदन किया विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत होली पर्व के गीत तथा धार्मिक गीतों का सचिव चित्रण मंच के माध्यम से करते हुए समूचे जन समुदाय को भाव विभोर कर दिया विद्यालय की छात्राओं ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला का भी संजीव चित्रण मंच के माध्यम से किया जिसे देख प्रांगण में बैठे मुख्य अतिथि समेत अभिभावक तथा क्षेत्रीय लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से जय श्री राम के जयकारे लगाए इस मौके पर कार्यक्रम के संचालक ऋषि मिश्रा शिवम त्रिपाठी विजय अमित रामगोपाल आशीष अर्चना ईशी साक्षी सिंह साक्षी पटेल समेत भारी संख्या में अभिभावक तथा क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

# एक को मार दिया, अब दूसरे की बारी है

## असलम का पिता बोला- बेटे के हत्यारे धमकी दे रहे, हत्याकांड की वजह बताई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , नौचंदी थाना क्षेत्र में असलम की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। एक सप्ताह बीतने को है लेकिन रेकी करने वाले के अलावा पुलिस किसी को पकड़ नहीं पाई है। यह बात पुलिस अधिकारियों से मिलने पहुंचे असलम के पिता मोहम्मद इमरान ने कही। इमरान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो ऐसे अपराधियों के घर बुल्डोजर चलाते हैं। इन आरोपियों के घर बुलडोजर कब चलेगा। अफसरों ने बताया कि पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश कर रही हैं।

### इमरान ने कहा- दोस्त के साथ खड़ा था बेटा

असलम के पिता ने अफसरों को बताया कि वारदात वाले दिन असलम जैदी फार्म की गली नंबर चार के बाहर अपने दोस्त शोएब के साथ खड़ा बात कर रहा था। इसी दौरान हमला हो गया। चार से पांच गोली असलम को लगी और वह जमीन पर गिर गया। शोएब के कंधे में भी एक गोली लग गई। हमलावर भाग निकले। आनन फानन में दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से असलम की नाजुक हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया। रात में असलम की मौत हो गई।

### मुकदमे में 11 को किया गया नामजद

इमरान ने बताया कि सभी हमलावरों की पहचान हो चुकी है और उसने खुद आहद पुत्र शमीम, असद, रिहान, तारिक, राशिद, शमी पुत्रगण अमीर अहमद के अलावा इस्माइल पुत्र शमीम, समीर उर्फ मोटा बवानिया पुत्र सलीम, अमीर अहमद पुत्र इशाक, चंदन पुत्र इशाक और आमना पुत्र शमीम को नाम जद किया गया था। धीरे धीरे में एक सप्ताह बीतने वाला है लेकिन पुलिस खाली हाथ है।

ई-मेल भेजकर दी जा रही धमकी

मोहम्मद इमरान ने कहा कि हत्यारे खुले घूम रहे हैं। उनके द्वारा ई-मेल के जरिए धमकी दी गई है। उस ई-मेल में लिखा है कि एक मर गया, अब दूसरे की बारी है। किसी को नहीं छोड़ेंगे। इस तरह हत्यारे खुलेआम घूमकर धमकी दे रहे हैं और पुलिस बोल रही है कि वह फरार हैं।

### 2023 से चली आ रही दुश्मनी

इमरान ने बताया कि वर्ष 2023 में कुछ लोगों ने स्कूल से लौट रही किशोरी को अगवा करने का प्रयास किया। उसके बेटे व कुछ और लोगों ने विरोध कर दिया और आरोपियों को खदेड़ दिया। इसके कुछ देर बाद आरोपी युवक की तरफ से असद, रिहान, आहद इकट्ठा होकर आए

# किनौनी चीनी मिल को गन्ना मूल्य भुगतान का निर्देश

### जिलाधिकारी ने एक सप्ताह में भुगतान न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, जिलाधिकारी ने आज पेराई सत्र 2025-26 के लिए चीनी मिलों पर देय गन्ना मूल्य और अंशदान भुगतान की समीक्षा की। इस दौरान किनौनी चीनी मिल की भुगतान स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मिल के अध्यासी को बकाया गन्ना मूल्य और अंशदान का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया गया जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि किनौनी चीनी मिल एक सप्ताह के अंदर बकाया भुगतान नहीं करती है, तो जिला गन्ना अधिकारी मेरठ को मिल क्षेत्र के पेराई योग्य गन्ने को मेरठ की अन्य चीनी मिलों को भेजने का प्रस्ताव तैयार करने और वसूली प्रमाण-पत्र जारी करने की संस्तुति भेजने का निर्देश दिया जाएगा। बैठक में मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक को भी पेराई सत्र 2025-26 के बकाया गन्ना मूल्य और अंशदान का तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह, सिम्भावली चीनी मिल के प्रतिनिधि को पेराई सत्र 2024-25 और 2025-26 के तहत मेरठ की गन्ना समितियों से खरीदे गए गन्ने के बकाया मूल्य और अंशदान का तुरंत भुगतान करने का आदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त, मेरठ जिले की चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को विगत तीन वर्षों में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) मद में खर्च की गई धनराशि का विवरण उपलब्ध इस समीक्षा बैठक में जिला गन्ना अधिकारी मेरठ और सभी संबंधित चीनी मिलों के अध्यासी-प्रधान प्रबंधक उपस्थित रहे।

# सड़क पर बह रहा घरों का गंदा पानी, फिसलकर चोटिल हो रहे राहगीर

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज तराई (बलरामपुर) विकास खंड तुलसीपुर की ग्राम पंचायत महाराजगंज तराई में लालिया महराजगंज तराई मुख्य मार्ग पर बाजार में सड़क पर बह रहे घरों के गंदे पानी से लोगों की राह चलना मुश्किल हो गया है। जल निकासी व्यवस्था न होने से हर समय सड़क पर पानी भरा रहता है। ललिया महराजगंज मार्ग से रोजाना हजारों लोगों का बलरामपुर, ब्लॉक मुख्यालय कौआपुर के अलावा स्कूल, अस्पताल, स्टेशन व बाजार आदि आना-जाना लगा रहता है। सड़क पर बह रहा गंदा पानी से बाजार में दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। सड़क पर बह रहा गंदा पानी के बीच कहां सड़क है और कहां गड्ढा पता न चलने से आए दिन बाइक सवार रिक्शा चालक उसमें फिसल कर गिर रहे हैं। जल निकासी को लेकर तमाम शिकायत के बावजूद विभाग मौन है। इस संबंध में ब्लाक मुख्यालय पर बैठे आला अफसर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। बाजार में नाली का निर्माण तो हुआ लेकिन जल निकासी न होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे न सिर्फ राहगीरों को परेशान होना पड़ रहा है बल्कि सड़क के किनारे मौजूद दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र वासियों ने कई बार अधिकारियों को मामले से अवगत करवाया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासी नियाज अहमद मुख्तार मुस्ताक पप्पू रिंकू जायसवाल भोटू आदि ने बताया कि नाली निर्माण होने के बाद जल निकासी न होने से समस्या बनी है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों और बाजार करने आई महिलाओं को हो रही हैं। आए दिन लोग फिसलकर गिरते रहते हैं।

क्षेत्र वासियों ने जिलाधिकारी से जल निकासी व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

# व्यापारियों ने किया बंदी और पंचायत का ऐलान

## सेंट्रल मार्केट में ध्वस्तीकरण को रोकने के लिए 14 फरवरी को एकत्रित होंगे शहर के व्यापारी

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों को माननीय न्यायालय द्वारा दिए गए नोटिस के बाद से उनकी बेचैनी और दहशत बढ़ती जा रही है। इसको लेकर व्यापारी कभी जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं तो कभी प्रदर्शन कर अपनी आवाज उठा रहे हैं। इसी क्रम में सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों ने बंदी के साथ एक आम पंचायत की घोषणा की, जिसमें वह अपनी पीड़ा जिले भर के व्यापारियों को बताएंगे।

### तमाम व्यापार संघ को बुलावा

व्यापारी निमित्त जैन ने बताया कि संयुक्त व्यापार संघ के दोनों गुट के साथ- साथ जागृति विहार, शास्त्री नगर, आबूलेन और अन्य जगहों के व्यापारियों को इस पंचायत में बुलाया जाएगा। इसके बाद हम उनको अपनी पीड़ा बताते हुए अपने लिए कोई रास्ता निकालने की मांग रखेंगे। उसी रणनिति पर हम व्यापारी आगे चलेंगे।

### पंचायत में तय होगी आगे की बंदी

व्यापारियों ने कहा कि जो बंदी अभी 2:00 बजे तक के लिए निर्धारित की गई है, वह दो बजे ही पूरी होगी या उसका समय आगे तक के लिए बढ़ाया जाएगा इसको लेकर पंचायत में ही निर्णय लिया जाएगा। अगर हमें अपनी दुकान बंद करने के लिए बंदे का समय बढ़ाना पड़ा तो हम निश्चित रूप से इस बंदे को आगे लेकर जाएंगे।

### कुछव्यापारियों ने हटाने शुरू की दुकान

सेंट्रल मार्केट में कुछ व्यापारियों को यह भी उम्मीद है कि अगर वह अपनी दुकान नाले से 10 फीट पीछे ले जाते हैं तो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से बच जाएंगे । लेकिन आवास विकास का जो विवाद है वह यह है कि आवासीय प्लॉट में कमर्शल गतिविधियां चल रही है ,इसी अजमंजस में कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकान में पीछे हटने का कार्य भी शुरू कर दिया है

### लगभग 700 दुकानदार प्रभावित

आवास विकास द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद मां न्यायालय ने जो आदेश दिया है उसे सेंट्रल मार्केट के लगभग 700 दुकानदार प्रभावित हो रहे हैं इसलिए शहर का एक मुख्य मार्केट कहां जाने वाला सेंट्रल मार्केट जिसमें 700 दुकानों पर नोटिस है इसके बाद अगर यह दोस्तीकरण हो जाता है तो उसकी सूरत ही बदल जाएगी हालांकि इससे पहले भी 25 अक्टूबर को 22 दुकानों को माननीय न्यायालय के आदेश पर ही दोस्त किया गया था

# कमालगंज में फावड़े से हमला करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार, हत्या के प्रयास में भेजा गया जेल

### फावड़े से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, हत्या के प्रयास में था वांछित

अमन लेखनी समाचार



कमालगंज - फर्रूखाबाद ,थाना कमालगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त एक फावड़ा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 10 फरवरी 2026 को ग्राम भोजपुर निवासी शिवराज ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि गांव के ही कल्लू पुत्र रामसेवक ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से उस पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। मामले में थाना कमालगंज में मु0अ0सं0 35/2026 धारा 352/109 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# सड़क सुरक्षा माह: फर्रुखाबाद में लाइसेंस आवेदकों को किया जागरूक, 2025 में 490 दुर्घटनाओं पर प्रशासन की चिंता

## फर्रूखाबाद में डीएल आवेदकों को मिला सड़क सुरक्षा का मंत्र

अमन लेखनी समाचार



फर्रूखाबाद - सड़क सुरक्षा माह के तहत जनपद में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट देने पहुंचे आवेदकों और अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में कुल 48 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर सुरक्षित यातायात का संकल्प लिया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने चौंकाने वाले आंकड़े साझा करते हुए बताया कि दिसंबर 2025 तक जनपद में 490 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 284 लोगों की मौत हो गई। वहीं वर्ष 2024 में 390 दुर्घटनाओं में 213 लोगों की मृत्यु हुई थी। इस प्रकार 2025 में दुर्घटनाओं में 25.64 प्रतिशत और मृतकों की संख्या में 33.33 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो गंभीर चिंता का विषय है। एआरटीओ प्रशासन कृष्ण कुमार यादव ने आवेदकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग न करें, सभी दस्तावेज पूरे रखें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का प्रयोग बिल्कुल न करें। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों व सवारियों के लिए हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने पर जोर दिया, ताकि दुर्घटना की स्थिति में जनहानि कम हो सके। कार्यक्रम में राह-वीर योजना की भी जानकारी दी गई, जिसके तहत गंभीर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर के भीतर अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने का प्रावधान है। साथ ही हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ित मुआवजा योजना-2022 के अंतर्गत अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये तथा गंभीर घायल होने पर 50 हजार रुपये मुआवजा दिए

# शिक्षकों और प्रशिक्षुओं ने मंच पर दिखाया अपना हुनर

## डायट में कला, क्राफ्ट एवं संस्कृति महोत्सव का समापन

अमन लेखनी समाचार



श्रावस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) इकौना में दो दिवसीय कला, क्राफ्ट एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक सत्येंद्र सिंह और नोडल प्रभारी ईश्वर चंद विद्या सागर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस महोत्सव का उद्देश्य शिक्षकों और प्रशिक्षुओं में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम में चित्रकला, क्राफ्ट प्रदर्शनी, वाल पेंटिंग, पपेट शो, अभिनव रंगमंच, फोटोग्राफी और लोक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल थी। चित्रकला में अंशु रानी प्रथम रही द्वितीय प्रियंका पटेल तृतीय नीतू रही है मूर्ति कला प्रतियोगिता में पल्लवी ने प्रथम स्थान हासिल की क्राफ्ट प्रतियोगिता में अफसाना फातिमा प्रथम खुशनुमा सिद्दीकी द्वितीय अनुपमा शर्मा तृतीय स्थान हासिल किया। फोटो ग्राफी प्रतियोगिता में कर्मवीर राणा ने प्रथम स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में अंजना सिंह, अंजुलता एवं ममता विमल शामिल थे। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन रचनात्मक सोच और प्रस्तुतीकरण कौशल को नई दिशा प्रदान करते हैं।

# पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता पर विशेष अभियान

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद सोनभद्र में मिशन शक्ति के अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर सतर्कता तथा विधिक अधिकारों के प्रति व्यापक जनजागरूकता स्थापित करना रहा। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं ग्राम सभाओं में संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं एवं महिलाओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी, आत्मरक्षा के सरल उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं तथा साइबर अपराध के बदलते स्वरूप के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। विशेष रूप से ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग ठगी एवं ओटीपी साझा न करने के संबंध में सतर्क किया गया। अभियान के अंतर्गत यह संदेश भी दिया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करें। पुलिस द्वारा प्रत्येक शिकायत पर त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरः-

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# वैलेंटाइन डे मनाना इस्लामी शिक्षाओं के खिलाफः हाजी मोहम्मद सईद नूरी

अमन लेखनी समाचार



मुंबई ,रजा अकादमी के महासचिव हाजी मोहम्मद सईद नूरी ने अपने एक बयान में कहा है कि वैलेंटाइन डे मनाना इस्लामी शिक्षाओं के पूरी तरह खिलाफ, हराम और नाजायज है। उन्होंने कहा कि इस्लाम गैर-महरम के साथ बे-तकल्लुफ मेल-जोल और तोहफों के आदान-प्रदान की अनुमति नहीं देता, इसलिए गुलाब का फूल देना या इस तरह की अन्य रस्में निभाना भी शरीअत की नजर में सही नहीं है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि आजकल कुछ मुस्लिम नौजवान पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित होकर इस दिन को उत्साह के साथ मनाते हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वे अपनी धार्मिक पहचान और इस्लामी मूल्यों की हिफाजत करें तथा ऐसी गैर-शरई रस्मों से पूरी तरह परहेज करें। मोहम्मद सईद नूरी ने मस्जिदों के इमामों और उलेमा से अपील की कि वे जुमे के खुत्बों में इस विषय पर विशेष रूप से रोशनी डालें और आम लोगों को इस्लामी शिक्षाओं के बारे में जागरूक करें।

# आदिवासी ग्रामीणों की फसलों पर वन विभाग का कथित अत्याचार, कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



चोपन सोनभद्र। विकास खंड चोपन के ग्राम सभा पनारी टोला नीमडाड़ में आदिवासी ग्रामीणों की खेती पर वन विभाग द्वारा कथित रूप से जबरन गड्ढा खोदकर फसल बर्बाद करने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले करीब 20 वर्षों से उक्त भूमि पर जौ, चना, सरसों, अरहर सहित अन्य फसलों की खेती करते आ रहे हैं, जो उनके परिवार और बच्चों के जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग की टीम ने बिना किसी पूर्व सूचना के खेतों में गड्ढे खोद दिए, जिससे खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। आदिवासी समुदाय का कहना है कि वन विभाग उन्हें उनकी ही जमीन से बेदखल करने की कोशिश कर रहा है, जबकि वे लंबे समय से जंगल की सुरक्षा देखरेख में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। आदिवासी ग्रामीणों की सूचना पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सेतराम केसरी के साथ कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचा और खेतों में किए गए गड्ढों व फसल क्षति का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल पर ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और वन विभाग की कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सेतराम केसरी ने कहा कि वर्तमान सरकार बड़े पूंजीपतियों को बढ़ावा दे रही है, जबकि गरीब, किसान और आदिवासी समुदाय की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण गरीब आदिवासियों को उनकी जमीन और आजीविका से वंचित किया जा रहा है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने भरोसा दिलाया कि पार्टी आदिवासी ग्रामीणों के साथ खड़ी है और उन्हें उनकी जमीन से बेदखल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि इस मामले को शासन-प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा और आदिवासियों को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरान ओबीसी कांग्रेस जिला कार्यवाहक अध्यक्ष दिनेश यादव, राम बहाल अगरिया, शनि खरवार, बबलू अगरिया, धनुकधारी खरवार, चाकू अगरिया, प्रेम सागर, फुलसाह खरवार, मानरुप खरवार, शीला देवी, शिव कुमारी, राजवती, पन्नालाल, गुलाबी, मुन्नी देवी, सुपारी देवी, बुधिया देवी, शिवनाथ चौधरी सहित सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वन विभाग की कार्रवाई की जांच कराई जाए और उनकी खेती और जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

खास समाचार

## जिला बदर हिस्ट्रीशीटर अपराधी को बभनी पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बभनी मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना बभनी क्षेत्र के बभनी तिराहे के पास से थाना स्थानीय के जिला बदर / हिस्ट्रीशीटर / टॉप-टेन के चिन्हित सक्रिय अपराधी को दिनाँक-11/02/2026 को समय लगभग 22:25 बजे गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी के संबंध में थाना बभनी पर मु0अ0सं0-24/2026 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

## कहकशां अंजुम ने किया कस्बा सलोन का नाम रौशन

अमन लेखनी समाचार

सलोन रायबरेली प्राथमिक विद्यालय कहुआ सलोन, रायबरेली की शिक्षिका कहकशां अंजुम ने यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा इस मर्तबा उत्तीर्ण करके सिर्फ. अपने परिवार का नाम रौशन नहीं किया बल्कि कस्बा सलोन और बेसिक शिक्षा विभाग को गौरवशाली बनाया है । घर वालों के लिए दोहरी खुशियां हासिल हुई हैं । क्योंकि इससे पहले कहकशां अंजुम के छोटे भाई मौलाना सलमान नदवी ने यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की थी ।छोटे भाई से प्रेरित होकर इन्होंने अपनी तैयारी तेज कर दी । जिसका परिणाम सुखदायी मिला ।यह पी एच डी करने के बाद प्रोफेसर बनना चाहती हैं और अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिवार वालों को देती हैं साथ-साथ गुरुजनों को भी कि उन्होंने उनका मार्गदर्शन किया ।इनके पिता अली अहमद फल के आढ़ती हैं और पति फैज मोहम्मद एम बी ए करने के बाद अपना व्यवसाय कर रहे हैं ।



# विंध्याचल में मां-बेटी पर हमला व तोड़फोड़ का आरोप, पीड़िता ने सौंपा प्रार्थना पत्र



अमन लेखनी समाचार

जनपद मीरजापुर के विंध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत जांसा बघौरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता सीता देवी पत्नी कमलकांत पाठक ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 11 फरवरी 2026 की शाम लगभग पांच बजे विपक्षी हेमा पाठक पुत्री चन्द्रभूषण पाठक तथा माधुरी पाठक पत्नी चन्द्रभूषण पाठक उनके घर पर आ धमकीं और गाली-गलौज शुरू कर दी। प्रार्थना पत्र के अनुसार, दोनों महिलाएं हाथ में हथौड़ा लेकर आई थीं और दरवाजे पर लगे समर्सिबल मशीन के चबूतरे को तोड़ने लगीं। जब सीता देवी ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि मां-बेटी ने उन्हें मारने के लिए दौड़ा लिया। उस समय पीड़िता घर पर अकेली थीं और किसी तरह अपनी जान बचाकर घर के अंदर घुस गईं। सीता देवी का यह भी आरोप है कि विपक्षियों ने उनके खेत में लगी पाइप लाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और सामान इधर-उधर फेंक दिया। उनका कहना है कि आरोपी पक्ष का व्यवहार पहले से ही झगड़ालू रहा है और वे आए दिन विवाद, गाली-गलौज तथा छेड़छाड़ करते रहते हैं। पीड़िता ने दावा किया है कि घटना से संबंधित वीडियो साक्ष्य उनके पास मौजूद हैं। साथ ही, इस मामले में स्थानीय स्तर पर तहसीलदार सदर द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है

## साइबर क्राइम पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड के 13,700 पीड़ितों के खातों में कराए गए वापस

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आवेदिका 1. दीपा पुत्री सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम मुर्धवा परसवार, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र तथा 2. दीप प्रकाश तिवारी पुत्र सुरेन्द्र तिवारी निवासी कोटा बस्ती, ज्वालामुखी मंदिर के पास, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड कर धनराशि आहरित कर ली गई थी। उक्त प्रकरण के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना के नेतृत्व में साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित किया गया तथा विधिक प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। परिणामस्वरूप कुल 13,700/- (तेरह हजार सात सौ रुपये) की धनराशि पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराई गई।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से दो महिला घायल , लोगों ने किया संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



कोन / सोनभद्र - स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोरवा में बुधवार को देर शाम ग्रामीणों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार अबैध बोल्डर हरैइयाखाड़ी वर्षों पूर्व में बने जल अवरोधक के मरम्मत कार्य हेतु ले जाने के क्रम में ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई ,जिसमें एक लगभग पंद्रह वर्षीय युवती हृदया कुमारी और एक लगभग 55 वर्षीय महिला को गंभीर चोटें आई है जिससे तत्काल झोलाछाप डॉक्टर के यहाँ ले जाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार कर दोनों को घर भेज दिया गया। जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय निवासी राघवेंद्र चंद ने बताया कि पीडब्लूडी का सड़क किनारे बोल्डर रखा गया था जिसे स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया था किन्तु प्रधान प्रतिनिधि द्वारा बोल्डर जबरन ले जाकर जल अवरोधक का निर्माण कराया जा रहा था। पीड़ित गरीब आदिवासी महिला कलावती देवी पत्नि स्व. फूलचंद उर्फ फोटन चेरो व हृदया कुमारी पुत्री विनय चेरो निवासी रोरवा ने आप बीती बताते हुए बताई कि हम लोग प्रधान प्रतिनिधि के कहने पर ट्रैक्टर ट्रॉली में सड़क किनारे पड़ी बोल्डर को लोड करके कार्य स्थल हरैइयाखाड़ी जल अवरोधक का निर्माण कार्य हेतु ले जाया जा रहा था जिसके क्रम में हादसा हो गया। ग्रामीणों द्वारा हादसे में दो महिलाओं को गंभीर चोटें आने की बातें कही जा रही है जिसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों की मानें तो जाँच के डर से संबंधित द्वारा आनन फानन में कार्य को पूरा किया जा रहा है ताकि जाँच में सच्चाई सामने न आ पाये। जिसके क्रम में रोरवा निवासी राघवेंद्र चंद आर्य ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि वन विभाग व पीडब्लूडी का कोरवाल बनाने के लिए सुरक्षित रखा गया बोल्डर, भस्सी तक ले जाया गया जो कि कानूनन अपराध है। घटना की जानकारी मिलते ही कॉग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता व अपना दल ( एस) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह सहित उदित नारायण गुप्ता, लोकनाथ चेरो, राघवेंद्रचंद्र आर्य ने परिजनों से संपर्क कर उनका हाल जाना और हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया और अपना दल (एस) के जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधान / प्रतिनिधि जाँच के डर से गरीब मजदूरों की जान जोखिम में डालकर कार्य कराया जा रहा जो न्याय संगत नहीं है। इस बावत खण्ड विकास अधिकारी कोन से सेल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नहीं हो सका।

# डीएवी में बैंकिंग अवेयरनेस व कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर। डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी रिहंदनगर में महर्षि दयानंद सरस्वती जी की जयंती के अवसर पर हवन के साथ वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों हेतु बैंकिंग अवेयरनेस एवं कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक मयंक राज, सहायक प्रबंधक दीपक उपाध्याय एवं सहायक प्रियांशु बेरियाह ने विद्यार्थियों को बैंकिंग व वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी दी। शाखा प्रबंधक मयंक राज ने कहा कि वाणिज्य शास्त्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इससे बैंकिंग, बीमा, लेखांकन, कर व्यवस्था व कॉर्पोरेट क्षेत्र में व्यापक रोजगार के अवसर मिलते हैं। उन्होंने आरबीआई ग्रेड-बी, प्रोबेशनरी ऑफिसर, एलआईसी एएओ सहित विभिन्न प्रतिष्ठित पदों की जानकारी दी। दीपक उपाध्याय ने सीए, सीएस, एमबीए, वित्तीय विश्लेषक, कर सलाहकार जैसे करियर विकल्पों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रियांशु बेरियाह ने स्टार्ट-अप, डिजिटल मार्केटिंग व डेटा एनालिटिक्स में वाणिज्य की भूमिका बताई। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डीएवी संस्थान संस्कारयुक्त आधुनिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। अंत में अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर.के. झा, हर्ष दुबे, नीरज गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, डी.सी. शुक्ला एवं शगुफ्ता शबनम की सक्रिय भूमिका रही।

# दिव्यांग बच्चों से संबंधित शिक्षा पांच दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद रायबरेली ,छतोह खंड शिक्षा विभाग कार्यालय में 12 फरवरी से दिव्यांग बच्चो से संबंधित समावेशी शिक्षा संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश द्वारा शुभारंभ किया गया जिसमें संवेदनशीलता और धैर्यः दिव्यांग बच्चों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना। तकनीकी उपकरणः श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित या अन्य दिव्यांगता वाले छात्रों के लिए सहायक यंत्रों का उपयोग करना अनुकूलित शिक्षण विधियाँः बच्चों की व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार पाठ्यक्रम में लचीलापन लाना वातावरण निमार्णः कक्षा और स्कूल परिसर को बाधा-मुक्त वातावरण प्रदान करने हेतु चर्चा साझा किए गए बच्चों के साथ सकारात्मक व्यवहार हस्तक्षेप एवं समर्थन पर्यावरणीय अध्ययन समावेशी कक्षा में गणित शिक्षण विकासात्मक भिन्नता वाले नाटक नृत्य और आंदोलन थेरेपी के माध्यम से बच्चों को अभ्यास कराने के सम्बन्ध में विचार जाना गया जिसमें संदर्भदाता के रूप में विशेष शिक्षक महेश मोदनवाल चंद्र प्रकाश एवं गिरजेश सिंह अनुप्रिया सिंह शीला यादव राम कुमार जय करन सहित 40 प्रतिभागी उपस्थित रहे

# गैंगेस्टर एक्ट के तहत सोनभद्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**अपराध से अर्जित दो मकान (अनुमानित कीमत लगभग 53,00,000/- रुपये) कुर्क**

**जनपद सोनभद्र में संगठित अपराध पर प्रहार, धारा 14(1) के अंतर्गत की संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी संबंधित के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना रामपुर बरकोनिया प्रभारी निरीक्षक थाना पन्नूगंज एवं राजस्व टीम के सहयोग से अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित अवैध धन से क्रय/अर्जित की गई अचल संपत्ति ( भूमि ) को नियमानुसार चिन्हित कर धारा 14( 1 ) गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत कुर्क किए जाने की विधिक कार्रवाई संपन्न की गई। थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 154/2024 धारा 3( 1 ) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम से संबंधित अभियुक्त 1. राजकरन चौहान पुत्र चंद्रिका चौहान तथा 2. अमित उर्फ अमिताभ चौहान पुत्र स्व0 राजकिशोर चौहान, निवासीगण ग्राम विक्रमपुर, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध धारा 14( 1 ) गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा वाद सं0 ऊ202516660001942 (राज्य बनाम राजकरन चौहान ) एवं वाद सं0 ऊ202516660001941 (राज्य बनाम अमित उर्फ अमिताभ चौहान ) में अपराध से अर्जित धन से निर्मित मकानों को कुर्क किए जाने हेतु दिनांक 07.11.2025 को आदेश पारित किया गया था। उक्त आदेश के अनुपालन में उप जिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र के पत्रांक सं0 487/रत्र्तरऊट/2025 दिनांक 01.01.2026 तथा पत्रांक सं0 483/रत्र्तरऊट/2025 दिनांक 23.12.2025 के क्रम में आज दिनांक 12.02.2026 को नायब तहसीलदार मनोज मिश्रा के नेतृत्व में, थाना प्रभारी रामपुर बरकोनिया विनोद यादव, थाना प्रभारी पन्नूगंज कुमुद शेखर सिंह एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम विक्रमपुर स्थित दोनों अभियुक्तों के मकानों पर विधिवत कुर्की की कार्यवाही संपादित की गई। कुर्की की कार्यवाही के दौरान मौके पर स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई।

# दरिंदगी ! 14 वर्षीय दलित मासूम के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

**शाम होते ही टहलने वाली गैंग एक ने दबाया मुंह तो दूसरा साथी छात्रा के साथ घटना को दिया अंजाम दोनों भेजे गए जिला जेल**

अमन लेखनी समाचार



नसीराबाद रायबरेली/नसीराबाद थाना क्षेत्र में एक मासूम के साथ दरिंदगी होना पाया गया क्षेत्र के अंतर्गत एक करीब 14 वर्षीय किशोरी के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है बताया जाता है कि इस घटना में दो लोग शामिल थे एक ने किशोरी का मुंह दबाया तो दूसरे ने घटना को अंजाम दिया जिसके बाद रोते बिलखते किशोरी घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई रात होने की वजह से थाने में शिकायत नहीं की गई लेकिन किसोरी के पेट मे दर्द होने से परिजन रात करीब 11 बजे सीएचसी नसीराबाद लेकर पहुंचे जहां मौजूद महिला डॉक्टर के जानकारी लेने पर घटना की सच्चाई सामने आई इलाज होने के बाद सुबह मामला थाने पहुंचा और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई शिकायत पर पुलिस भी एक्शन मूंड में आई और नसीराबाद थाना अध्यक्ष पवन कुमार सोनकर द्वारा मामले को पुलिस के उच्च अधिकारियो को बताया गया घटनास्थल पर पहुंचे सिओ सलोन यादवेंद्र पाल सिंह और जिले से आई फोरेंसिक टीम नसीराबाद पुलिस जांच पड़ताल करते हुए साक्ष्य जुटाए जिसके बाद पुलिस के बिछाए जाल मे आरोपी उमेश माली पुत्र राम माली निवासी गांव बासुपुर मजरे चतुरपुर एवं ईसका दूसरा साथी कुलदीप पुत्र कमल सिंह निवासी बिरनावां दोनो हत्थे चढ़ गए और जेल भेज दिया गया मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र की एक नाबालिग दलित किशोरी कक्षा सात की छात्रा के साथ होना पाया गया मंगलवार शाम सात बजे नाबालिक गांव के पास शौच करने गई

# देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में संयुक्त वाम दलों का जोरदार प्रदर्शन

**छपका पावर हाउस से कलेक्ट्रेट तक निकाला जुलूस।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में गुरुवार को संयुक्त वाम दलों के कार्यकताओं ने सोनभद्र में जोरदार जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। छपका पावर हाउस से निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में मजदूर, किसान, खेत मजदूर, आदिवासी, छात्र, स्कीम वर्कर और अन्य वर्गों के लोग शामिल रहे। धरना प्रदर्शन के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगें रखीं। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य की बीजेपी सरकार श्रमिकों, किसानों, खेत मजदूरों आदिवासियों, नौजवानों, महिलाओं, दस्तकारों, दुकानदारों, व्यापारियों, छोटे उद्योगों, छात्रों और मध्यम वर्ग विरोधी नीतियां लागू कर रही है। इन नीतियों के विरोध में दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों, संयुक्त किसान मोर्चा, संयुक्त खेत मजदूर यूनियन एवं संयुक्त वाम दलों के आह्वान पर 12 फरवरी 2026 को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का समर्थन किया गया है।

प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन में कई प्रमुख मांगें उठाईं, जिनमें–

दमनकारी चार श्रम संहिताओं को निरस्त कर पुराने श्रम कानून बहाल किए जाएं। सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगाई जाए। बिजली संशोधन विधेयक 2025 वापस लिया जाए और स्मार्ट मीटर थोपना बंद किया जाए, साथ ही किसानों व गरीबों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाए। वीबी जी रामजी योजना निरस्त कर पुरानी मनरेगा योजना बहाल की जाए, 200 दिन रोजगार की गारंटी और 600 प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित की जाए। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए। महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और आम जनता की जीविका पर हमले बंद किए जाएं। पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए और स्कीम वर्करों व असंगठित मजदूरों को 26,000 न्यूनतम वेतन दिया जाए। सरकारी विभागों में खाली पड़े लाखों पदों पर भर्ती प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए और ठेका प्रथा समाप्त की जाए। मुक्त व्यापार समझौतों को निरस्त किया जाए। किसानों और खेत मजदूरों को 55 वर्ष के बाद 10,000 मासिक पेंशन सुनिश्चित की जाए। वन विभाग द्वारा गरीबों, आदिवासियों और भूमिहीनों पर हो रहे उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए और वनाधिकार कानून का पारदर्शी पालन हो। सोनभद्र को बिजली कटौती मुक्त किया जाए और स्थानीय युवाओं को उद्योगों में रोजगार में प्राथमिकता दी जाए। कैमूर आदिवासी विश्वविद्यालय और एम्स जैसे चिकित्सा संस्थान की स्थापना की जाए। सड़क व मोबाइल नेटवर्क सुधार सहित जिले की कनेक्टिविटी बढ़ाई जाए। अवैध खनन मशीनों पर रोक लगाई जाए और मजदूरों को सुरक्षा, बीमा व श्रम कानून का लाभ दिया जाए। रिहंद, धंधरौल व नगवां बांध विस्थापितों को विस्थापन नीति का पूरा लाभ दिया जाए। संयुक्त नेतृत्व में हुआ आंदोलन इस धरना प्रदर्शन का संयुक्त नेतृत्व भाकपा जिला सचिव कामरेड आर.के. शर्मा, माकपा जिला सचिव कामरेड नंदलाल आर्य और माले जिला सचिव कामरेड सुरेश कोल ने किया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

